Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 65 | मंगलवार, 10 मार्च-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# समय सीमा के अंदर समस्याओं का निस्तारण करे प्रशासनः मुख्यमंत्री

## सीएम ने दी बच्चों को सीख- किताबें पढ़ो, सोशल मीडिया का अत्यधिक प्रयोग न करो

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**





**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान प्रदेश भर से आए पीड़ितों के पास मुख्यमंत्री स्वयं चलकर पहुंचे। उनका प्रार्थना पत्र लिया और आश्वस्त किया कि सरकार सभी की उचित समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध है। निश्चिंत होकर घर जाइए, आपकी समस्याओं का निस्तारण होगा।

मुख्यमंत्री ने जनपदों के प्रशासनिक व पुलिस अफसरों को निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण समय सीमा के अंदर सुनिश्चित किया जाए। 'जनता दर्शन' में मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान दो उद्यमियों ने अपनी समस्याएं रखीं। मुख्यमंत्री ने प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों, विशेषकर उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) व जिला प्रशासन को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में निवेश का बेहतरीन इकोसिस्टम तैयार किया गया है। सरकार ने सिंगल विंडो सिस्टम सहित कई पारदर्शी व्यवस्थाएं लागू की हैं।

उद्यमियों की परेशानी को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि निवेश और उद्योग विकास में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

कासगंज से आए पीड़ित ने सीएम के समक्ष पुलिस से जुड़ी शिकायत रखी। पीड़ित ने अपने प्रकरण में कार्रवाई पर देरी की शिकायत की। इस पर सीएम योगी ने पुलिस अधीक्षक को मामले का संज्ञान लेते हुए समस्या के समयबद्ध निराकरण का निर्देश दिया। वहीं एक प्रकरण पारिवारिक विवाद से भी जुड़ा आया। अवैध कब्जे से जुड़ी शिकायत पर सीएम सख्त हुए, उन्होंने कहा कि ऐसे मामले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने पीड़ित को आश्वस्त किया कि नियमानुसार तत्काल कार्रवाई होगी।

# ईरान में नया युग! मोजतबा खामेनेई बने देश के 'सुप्रीम लीडर'

## पिता की विरासत और हार्डलाइन नीतियों को बढ़ाएंगे आगे

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी भीषण युद्ध और अस्थिरता के बीच ईरान से एक बड़ी खबर सामने आई है। ईरान की सरकारी मीडिया और शक्तिशाली 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' ने दिवंगत अयातुल्ला अली खामेनेई के दूसरे बेटे, अयातुल्ला सैय्यद मोजतबा खामेनेई को आधिकारिक तौर पर इस्लामिक रिपब्लिक का नया सुप्रीम लीडर (सर्वोच्च नेता) नियुक्त कर दिया है। सरकारी ब्रॉडकास्टर 'प्रेस टीवी' द्वारा की गई यह घोषणा देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ है, जहाँ सत्ता का हस्तांतरण अब पिता से पुत्र के हाथ में चला गया है।

ईरान की सरकारी मीडिया के मुताबिक, ईरान की ताकतवर असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स ने अयातुल्ला सैय्यद मोजतबा खामेनेई को इस्लामिक रिपब्लिक का नया सुप्रीम लीडर अपॉइंट किया है। सरकारी ब्रॉडकास्टर प्रेस टीवी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह घोषणा की, जो देश में एक ऐतिहासिक और विवादित लीडरशिप ट्रांज़िशन को दिखाता है।

ईरान के लंबे समय से सुप्रीम लीडर रहे अली खामेनेई के दूसरे सबसे बड़े बेटे मोजतबा खामेनेई, सालों से ईरान के पॉलिटिकल और धार्मिक सिस्टम में एक लो-प्रोफाइल लेकिन असरदार इंसान रहे हैं। इस फैसले के बाद, असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स ने ईरानियों से एकता बनाए रखने और नए अपॉइंट किए गए लीडर को अपना सपोर्ट देने का वादा किया।

### मोजतबा खामेनेई कौन हैं?

8 सितंबर, 1969 को उत्तर-पूर्वी ईरानी शहर मशहद में जन्मे मोजतबा, खामेनेई परिवार के छह बच्चों में दूसरे नंबर के हैं। उन्होंने तेहरान के अलावी स्कूल से अपनी सेकेंडरी एजुकेशन पूरी की। 17 साल की उम्र में, उन्होंने ईरान-इराक युद्ध के दौरान कुछ समय के लिए सेना में काम किया। यह आठ साल का संघर्ष था जिसने ईरान के सुरक्षा नजरिए को गहराई से बदल दिया और इराक का साथ देने वाले अमेरिका और पश्चिमी देशों के प्रति अविश्वास को और बढ़ा दिया।

1999 में, मोजतबा एडवांस्ड इस्लामिक स्टडीज करने के लिए कोम के धार्मिक केंद्र में चले गए।

# अखिलेश यादव का केन्द्र पर बड़ा हमला, बीजेपी ने विदेश नीति गिरवी रख दी है

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव ने सोमवार को इंडिया ब्लॉक के नेताओं की बैठक से पहले भाजपा की विदेश नीति के प्रबंधन की कड़ी आलोचना की। इंडिया ब्लॉक के नेताओं की बैठक के एजेंडे पर चर्चा करते हुए समाजवादी पार्टी के सांसद ने आरोप लगाया कि भाजपा के शासन में भारत की विदेश नीति 'गिरवी' रखी गई है। बढ़ती महंगाई के प्रभाव को उजागर करते हुए उन्होंने दावा किया कि मध्य पूर्व में फंसे कई भारतीय नागरिक मौजूदा संकट के कारण त्योहार नहीं मना पा रहे हैं।

याद ने पत्रकारों से कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार के तहत हमारी विदेश नीति गिरवी रखी गई है और जिस तरह से महंगाई बढ़ रही है, वहां फंसे हमारे कई भारतीय नागरिक कई त्योहार नहीं मना पा रहे हैं... आखिर भारतीय सरकार कर क्या रही है?... नेताओं की बैठक होगी।

मुझे लगता है कि उसमें कई फैसले लिए जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि इंडिया ब्लॉक के नेता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने की मांग वाले प्रस्ताव पर आगे की रणनीति को अंतिम रूप देने के लिए बैठक कर रहे हैं।

यादव ने आगे कहा कि सदन के नेताओं की बैठक होगी, जिसमें आगे की कार्यवाही तय की जाएगी। अन्य विपक्षी नेताओं ने भी भाजपा के विदेश नीति के रवैये की आलोचना की। समाजवादी पार्टी के सांसद राम गोपाल यादव ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर संसद में विदेश मंत्री के आगामी बयान पर टिप्पणी करते हुए आरोप लगाया कि सत्ताधारी सरकार विदेश नीति के मामलों पर स्पष्टीकरण देने में लगातार आनाकानी कर रही है।

यादव ने जोर देकर कहा कि केवल मंत्री के बयान देने से विपक्ष की मुख्य चिंताओं के समाधान में कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा।

# सुनवाई होने तक आरोपमुक्त नहीं होंगे केजरीवाल-सिसोदिया

## हाईकोर्ट ने कहा- ट्रायल कोर्ट ने अहम तथ्यों को नजरअंदाज किया

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति मामले में सीबीआई की याचिका पर केजरीवाल, सिसोदिया और 21 अन्य को नोटिस जारी किया। सीबीआई ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि आबकारी नीति मामले में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को बरी करने का निचली अदालत का आदेश अनुचित है। सीबीआई की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि उत्पाद शुल्क नीति का मामला सबसे बड़े घोटालों में से एक है और भ्रष्टाचार का स्पष्ट उदाहरण है। मेहता ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने केजरीवाल, सिसोदिया और अन्य को बिना सुनवाई के ही बरी कर दिया। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने शराब नीति में हेरफेर के लिए साजिश और रिश्वतखोरी को दशार्ने वाले पुख्ता सबूत जुटाए हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल, सिसोदिया और अन्य के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं और गवाह सीबीआई के मामले का समर्थन करते हैं। सीबीआई ने कहा कि हमारे द्वारा जुटाए गए सबूतों को नजरअंदाज किया गया है और केजरीवाल, सिसोदिया और अन्य के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं और गवाह सीबीआई के मामले का समर्थन करते हैं। पिछले हफ्ते दिल्ली की एक अदालत ने कहा कि शराब नीति की जांच के दौरान सीबीआई द्वारा जुटाए गए सबूत ₹नीति को छिपाने, एकतरफापन या संवैधानिक अधिकार के बहिष्कार₹ का प्रथम दृष्टया मामला उजागर करने में विफल रहे, और इस मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बरी कर दिया। विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दायर शराब नीति मामले में आरोपी सिसोदिया, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, तेलंगाना जागृति की अध्यक्ष के. कविता और 20 अन्य लोगों के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रहे थे। 598 पृष्ठों के अपने आदेश में न्यायालय ने कहा, वर्तमान में उपलब्ध सामग्री से नीति को छिपाने, एकतरफा कार्रवाई करने या संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन करने का प्रथम दृष्टया मामला सामने नहीं आता है। इसके विपरीत, रिकॉर्ड से पता चलता है कि प्रक्रिया परामर्श, संचार और प्रशासनिक सावधानी से संचालित थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, सिसोदिया ने रवि धवन समिति की उस रिपोर्ट को नजरअंदाज कर दिया था जिसमें उत्पाद शुल्क नीति में विसंगतियों का उल्लेख किया गया था। न्यायालय ने कहा कि यह नीति पिछली उत्पाद शुल्क नीति की चुनौतियों को दूर करने के लिए बनाई गई थी, जिसमें वितरण मार्जिन में सुधार भी शामिल है, जो पिछली व्यवस्था के तहत एकाधिकार की प्रवृत्तियों और नियामक खामियों को दूर करने के प्रयासों को दशार्ता है।

# एम्स मंगलगिरी हॉस्टल में डायरिया का प्रकोप! 25 छात्र और कर्मचारी बीमार, दूषित पानी की आशंका

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान अक्क्टर (एम्स) मंगलगिरी के हॉस्टल में अचानक फैली गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल बीमारी ने हड़कंप मचा दिया है। पिछले तीन दिनों से उल्टी और डायरिया (दस्त) के गंभीर लक्षणों से जूझ रहे कम से कम 25 छात्र और स्टाफ सदस्य बीमार पड़ गए हैं। संस्थान के भीतर ही इतनी बड़ी संख्या में लोगों के बीमार होने से परिसर की स्वच्छता और पेयजल सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। यह स्वास्थ्य संकट तीन दिन पहले शुरू हुआ जब हॉस्टल में रहने वाले छात्रों ने अचानक पेट में मरोड़ और उल्टी की शिकायत की। धीरे-धीरे मरीजों की संख्या बढ़कर 25 हो गई, जिनमें अधिकांश छात्र शामिल हैं।

### हॉस्टल गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल बीमारी से घिरा

यह घटना अक्क्टर मंगलगिरी हॉस्टल में हुई, जहां रहने वालों ने तीन दिन पहले गंभीर उल्टी और डायरिया की शिकायत की, जिसके बाद तुरंत मेडिकल मदद लेनी पड़ी। कुल 25 लोग, जिनमें ज्यादातर स्टूडेंट थे, बीमार पड़ गए, जिससे फैसिलिटी के रिसोर्स खत्म हो गए और उन्हें कड़ी निगरानी और इलाज के लिए एक खास आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कराया गया। शुरूआती देखभाल के बावजूद लक्षण बने रहे, जिससे यह पता चलता है कि यह बीमारी कितनी गंभीर है और इसे तेजी से रोकने के उपाय करने की जरूरत है।

### पानी के खराब होने का शक

शक जल्दी ही गंदे पानी की सप्लाई पर केंद्रित हो गया, और अधिकारी यह जांच कर रहे हैं कि क्या खराब सोर्स से यह बड़ी बीमारी हुई। AIIMS के अधिकारी पानी की चेन की बारीकी से जांच कर रहे हैं, स्टोरेज से लेकर हॉस्टल के नल और पाइपलाइन जैसे डिस्ट्रीब्यूशन पॉइंट तक।

# 'प्रोजेक्ट गंगा' से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर, गांव-गांव पहुंचेगा हाई-स्पीड इंटरनेट

## स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन और हिंदुजा ग्रुप की कंपनी वनओटीटी एंटरटेनमेंट लिमिटेड के बीच हुआ एमओयू

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**








**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार डिजिटल कनेक्टिविटी के साथ रोजगार सृजन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल कर रही है। इसी क्रम में 'प्रोजेक्ट गंगा' के तहत प्रदेश में हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन और हिंदुजा ग्रुप की सहायक कंपनी वनओटीटी एंटरटेनमेंट लिमिटेड के बीच एमओयू साइन किया गया। इस परियोजना के तहत अगले 2झ3 वर्षों में 20 लाख से अधिक घरों तक हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि न्याय पंचायत स्तर पर 8,000 से 10,000 स्थानीय युवाओं को डिजिटल सेवा प्रदाता के रूप में विकसित किया जाएगा। इनमें महिलाओं की लगभग 50 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने की योजना है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं का विस्तार होने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर भी सृजित होंगे। इसके साथ ही परियोजना के माध्यम से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से एक लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन के सीईओ मनोज कुमार सिंह ने कहा कि आज के दौर में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल हाईवे का महत्व कई मामलों में भौतिक एक्सप्रेसवे से भी अधिक हो गया है, क्योंकि यही विकास की नई दिशा तय कर रहा है।

यह एमओयू डिजिटल डिवाइड और संभावित एआई डिवाइड को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिसके माध्यम से गांवों तक ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, ओटीटी सेवाएं और हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंचेगा। इससे ग्रामीण युवाओं के लिए डिजिटल सेवाओं, यूट्यूब और अन्य ऑनलाइन माध्यमों से आय अर्जित करने के नए अवसर बनेंगे, वहीं टेलीमेडिसिन, ऑनलाइन शिक्षा, ई-कॉमर्स और डिजिटल स्किलिंग के क्षेत्र भी तेजी से विकसित होंगे।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार पिछले कई वर्षों से इस दिशा में प्रयास कर रही थी और अब हिंदुजा ग्रुप के सहयोग से यह पहल साकार हो रही है।

### प्रोजेक्ट गंगा बदलेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था का स्वरूप

कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि आज का यह एमओयू उत्तर प्रदेश में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के साथ बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कभी तकनीक के क्षेत्र में पीछे रहने के कारण भारत को विकासशील देश के रूप में देखा जाता था, लेकिन पिछले एक दशक में देश और विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में हुए परिवर्तन ने दुनिया की धारणा बदल दी है। आज सबसे बड़ी आवश्यकता अधिक से अधिक रोजगार के अवसर सृजित करने की है और यदि रोजगार तकनीक के माध्यम से मिलता है तो वह और अधिक प्रभावी और स्थायी होता है। प्रोजेक्ट गंगा (गवर्नमेंट असिस्टेड नेटवर्क फॉर ग्रोथ एंड एडवांसमेंट) के तहत लगभग 20 लाख घरों तक हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड पहुंचाने का लक्ष्य है, जिससे करीब एक करोड़ लोगों को लाभ मिलेगा।

### युवाओं को मिलेगा तकनीक आधारित रोजगार

वित्त मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंचने से डिजिटल सेवाओं, ऑनलाइन व्यवसाय, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के नए अवसर खुलेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि ब्रॉडबैंड सुविधा गांव-गांव तक पहुंचे और युवाओं को तकनीक आधारित रोजगार मिल सके। युवाओं को डिजिटल उद्यमिता से जोड़ने के लिए सरकार आर्थिक सहयोग भी दे रही है। जनवरी 2024 में शुरू की गई योजना के तहत युवाओं को 5 लाख तक का ऋण बिना ब्याज और बिना गारंटी उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसका लाभ अब तक एक लाख से अधिक लोग ले चुके हैं। उन्होंने आग्रह किया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर हिंदी भाषा को भी प्रमुख स्थान दिया जाए, ताकि प्रदेश के अधिक से अधिक लोग इससे जुड़ सकें।

## संपादक की कलम से

# जीतने वाले की सदा ही जय जय



ललित शर्मा
संपादक

हिचकोले खाते खाते आखिर नैया पार हो ही गई और भारत फटाफट क्रिकेट का चक्रवर्ती सम्राट बन गया। क्रिकेट और हॉकी में यही अंतर है, कि हॉकी बाई प्रैक्टिस होती है और क्रिकेट बाईचांस। क्रिकेट में बाइचांस बहुत कुछ होता है। कभी कभी कोई कमजोर समझी जाने वाली टीम दिग्गज कही जाने वाली टीम के छक्के छुड़ा देती है और कभी कोई दिग्गज खिलाड़ी शून्य पर आउट होकर बत्तख बन जाता है। खिलाड़ी का भी खास दिन होता है, गेंद बल्ले के खेल में कब किस खिलाड़ी की बल्ले बल्ले हो जाए, खिलाड़ी खुद नहीं जानता। कब किसी खास टीम के लिए अभिशप्त समझे जाने वाले खेल मैदान में कोई कर्मयोगी टीम टोने टोटके और मिथकों को धराशायी करके आलोचकों का मुंह बंद कर दे, इसकी भविष्यवाणी भी नहीं की जा सकती। एक दौर था कि जब हर कोई पत्रकार या खेल समीक्षक नहीं हुआ करता था। खेल की समीक्षा चाय की दुकान और पान के खोखे की परिधि से बाहर नहीं निकल पाती थी। सोशल मीडिया का तो नामोनिशान न था लेकिन आजकल जिसे घर में प्लास्टिक के बल्ले और प्लास्टिक की बॉल से क्रिकेट खेलना नहीं आता है, वह भी स्वयं को क्रिकेट का विशेषज्ञ समझता है। क्रिकेट में हर बॉल और हर शॉट पर सोशल मीडिया की नजर रहती है। खेल के परिणाम से पहले ही स्वयंभू विश्लेषक जीत हार की भविष्यवाणी कर देते हैं। खेल शुरू होने से पहले ही मनचाही टीम को विजयी घोषित कर देते हैं। बहरहाल खिलाड़ियों पर इसका कोई असर नहीं पड़ता। खिलाड़ी यदि सभी की बातों पर ध्यान देने लगे या किसी ज्योतिषी की भविष्यवाणी को सच मानने लगे, तो मैदान में उतरने से पहले सौ बार सोचना उसकी मजबूरी बन जाएगी। ताज्जुब तो तब होता है, कि जब सोशल मीडिया खिलाडियों के खेल को नहीं, बल्कि उसकी जाति को जीत या हार का श्रेय देने लगता है। सोशल मीडिया पर टीम का चयन कर दिया जाता है, वह भी बिना चयनकताओं की मर्जी के। किसी मैच में किसी भी खिलाड़ी के फ्लॉप प्रदर्शन पर त्वरित टिप्पणी करके उसकी जाति से उसके चयन पर ही सवाल खड़े किए जाते हैं। टूनार्मेंट में फाइनल तक पहुँचने के लिए सभी टीमें एड़ी से चोटी तक का जोर लगाती हैं, फिर भी दिग्गज खिलाडियों से सन्नद्ध कोई टीम टूनार्मेंट के सेमी फाइनल में स्थान बनाने से वंचित रह जाती है। कोई कमजोर समझी जाने वाली टीम फाइनल तक पहुँचने की दौड़ में बनी रहती है। किसी टीम का जब समय खराब होता है, तो विशेषज्ञ कहे जाने वाले खिलाड़ी ग्राउंड फील्डिंग में कैच छोड़ने लगते हैं, बॉलर पिटने लगते हैं। जब पिटने लगते हैं, तब उन्हें दिन में तारे नजर आने लगते हैं। पकड़ो कैच जीतो मैच का सूत्र फ्लॉप हो जाता है। एक समय था, जब फील्डिंग की प्रैक्टिस अधिक की जाती थी, फील्डिंग के आधार पर कोई खिलाड़ी टीम इलेविन में स्थान बना लेता था। अब केवल बैटिंग और बॉलिंग विशेषज्ञ अधिक रखे जाते हैं, हिट मैन हिट तो बखूबी करता है, लेकिन फील्डिंग के लिए फिट नहीं होता, कैच टपकाता है और मैच गंवाता है। फिर भी यदि मुकद्दर में जीत है, तो खिलाड़ी सिकंदर बन ही जाते हैं। जीत का सेहरा कप्तान के सर पर बँधता है। जबकि परिश्रम पूरी टीम का होता है। रिकार्ड बनते हैं, बिगड़ते हैं। क्रिकेट में कब कौन हारते हारते जीत जाए, पहले से निश्चित नहीं होता, यही क्रिकेट की विशेषता है। वैसे खेल चाहे कोई भी हो, जीत हार खेल के अंग होते हैं, जीत किसी की कभी स्थाई नहीं होती, पर जीतने वाले की सदा ही जै जै होती है।

## बदल गई संसार

उदय किशोर साह



कविता

अमुवा की मंजरी से गिरती फुहार
रंग ढंग बदला बदल गई विचार
अनैतिकता की बह रही है वयार
कलियुग ले आई नई नई सहचार

प्रेम सौहार्द भाईचारा की हो गई छुट्टी
विलुप्त हो गई घर की बनी वो लिट्टी
होटल का भोजन पे टपक रहा है लार
कलियुग ले आई नई नई सहचार

भाई बना भाई का ही जग में बैरी
व्यापार जगत में चल रही हेराफेरी
मिलावट से भरा है बेईमानों का भंडार
कलियुग ले आई नई नई सहचार

दफ्तर में साहब की चलती है यहाँ राज
बिना उत्कोच की ना होती है कोई काज
बेबस जनता हो रही जग में आज लाचार
कलियुग ले आई है नई नई सहचार

शिक्षा बन गई जगत में मुनाफे की व्यापार
गरीब विद्यार्थी का हो रहा जीवन बंटाधार
अंग्रेजीयत की संस्कृति बनी गले की हार
कलियुग ले आई नई नई आज सहचार

पर मैं कैसे भुला दूँ अपनी खुद की संस्कार
अपनी मातृ संस्कृति से है हमें अटुट प्यार
अपनी मातृभाषा से कैसी ये शर्मसार
हिन्दी हैं हम हमारी हिन्द से है ये संसार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# राजनीतिक घृणा की अति और देश की प्रतिष्ठा



डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखिका



लोकतंत्र में असहमति और आलोचना को एक स्वस्थ परंपरा माना जाता है। सत्ता में बैठी सरकार, उसके निर्णयों और उसके नेतृत्व पर सवाल उठाना नागरिकों का अधिकार भी है और लोकतंत्र की मजबूती का प्रमाण भी। लेकिन जब आलोचना की सीमाएँ टूटकर व्यक्तिगत कटाक्ष, उपहास और अपमान तक पहुँच जाती हैं, तब यह केवल राजनीतिक असहमति नहीं रह जाती, बल्कि एक ऐसी मानसिकता का रूप ले लेती है जो लोकतांत्रिक संवाद को कमजोर करती है। हाल के वर्षों में भारतीय राजनीति में वैचारिक मतभेदों की जगह कटुता और घृणा ने तेजी से स्थान बना लिया है। किसी भी घटना, उपलब्धि या राष्ट्रीय आयोजन को देखने से पहले उसे राजनीतिक चश्मे से परखने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। यही कारण है कि कई बार देश से जुड़ी उपलब्धियों या आयोजनों को भी कुछ लोग केवल इसलिए तिरस्कार की दृष्टि से देखने लगते हैं क्योंकि उनका संबंध उस नेतृत्व या सरकार से जोड़ दिया जाता है जिससे वे वैचारिक रूप से असहमत होते हैं।

खेल के मैदान को सामान्यतः राजनीति से अलग माना जाता है। खेल में प्रतिस्पर्धा होती है, हार-जीत होती है, लेकिन अंततः खेल भावना ही सर्वोपरि रहती है। किंतु जब खेल के मंच को भी राजनीतिक कटाक्ष और व्यक्तिगत टिप्पणियों का माध्यम बना दिया जाए, तो यह खेल की गरिमा और राष्ट्रीय भावना दोनों को आहत करता है। क्रिकेट जैसे खेल, जो भारत में करोड़ों लोगों की भावनाओं से जुड़ा है, उसे भी जब राजनीतिक तंज का विषय बना दिया जाता है तो यह प्रवृत्ति चिंताजनक प्रतीत होती है। विडंबना यह है कि जिस स्टेडियम के नाम को लेकर कुछ लोगों ने व्यंग्य और कटाक्ष का सहारा लिया, उसी मैदान पर भारत ने विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया। यह घटना केवल खेल की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि प्रतीकात्मक रूप से भी बहुत कुछ कहती है। इससे यह स्पष्ट होता है कि क्षणिक राजनीतिक टिप्पणियाँ और नकारात्मक बयानबाजी अंततः वास्तविक उपलब्धियों के सामने टिक नहीं पातीं। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र में यह स्वाभाविक है कि सभी लोग एक ही राजनीतिक विचारधारा से सहमत नहीं होंगे। कोई भी नेता या सरकार आलोचना से परे नहीं हो सकती। लेकिन यह भी उतना ही आवश्यक है कि आलोचना तथ्यों, तर्कों और मयार्दा के आधार पर हो। जब आलोचना का स्वरूप गिरकर केवल व्यंग्य, अपमान और उपहास तक सीमित हो जाता है, तब वह लोकतांत्रिक संवाद की गरिमा को कम कर देता है। सोशल मीडिया के विस्तार ने इस समस्या को और भी जटिल बना दिया है। आज हर व्यक्ति के पास अपनी राय व्यक्त करने का मंच है। यह लोकतांत्रिक दृष्टि से सकारात्मक भी है, क्योंकि इससे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को नया विस्तार मिला है। लेकिन इसके साथ ही यह भी देखने में आता है कि कई बार बिना तथ्य जाँचे, बिना गंभीरता से सोचे लोग ऐसी टिप्पणियाँ कर देते हैं जो अनावश्यक विवाद और कटुता को जन्म देती हैं। कई बार लोग केवल किसी समूह विशेष को खुश करने या भीड़ का हिस्सा बनने के लिए ऐसी भाषा का प्रयोग करने लगते हैं जो किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कही जा सकती। राजनीतिक संवाद में भाषा की मयार्दा का विशेष महत्व होता है। शब्द केवल विचार व्यक्त नहीं करते, बल्कि समाज के वातावरण को भी प्रभावित करते हैं। जब सार्वजनिक जीवन में प्रयुक्त भाषा लगातार कठोर और अपमानजनक होती जाती है, तो उसका प्रभाव समाज के सामान्य व्यवहार पर भी पड़ता है। धीरे-धीरे असहमति को दुश्मनी और आलोचना को अपमान समझने की प्रवृत्ति बढ़ने लगती है। भारतीय राजनीतिक परंपरा में व्यंग्य और कटाक्ष की अपनी एक जगह रही है, लेकिन इसके साथ एक प्रकार का संतुलन और मयार्दा भी दिखाई देती थी। आज स्थिति कई बार ऐसी दिखाई देती है जहाँ शब्दों की तीव्रता और भाषा की कठोरता संवाद की संभावनाओं को ही समाप्त कर देती है। इससे समाज में अनावश्यक तनाव और विभाजन की स्थिति पैदा होती है। इस संदर्भ में यह समझना भी आवश्यक है कि किसी भी लोकतंत्र में स्वस्थ आलोचना अनिवार्य होती है। यदि सरकार या नेतृत्व से कोई भूल होती है तो उसकी आलोचना होना स्वाभाविक है। मीडिया, बुद्धिजीवी और आम नागरिकों का यह दायित्व है कि वे सत्ता से सवाल पूछें। लेकिन आलोचना का उद्देश्य सुधार होना चाहिए, न कि केवल अपमान या उपहास। आज समाज के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वह स्वस्थ आलोचना और अनावश्यक घृणा के बीच अंतर को समझे। राजनीतिक मतभेद लोकतंत्र की स्वाभाविक विशेषता हैं, लेकिन यदि ये मतभेद सामाजिक विभाजन का कारण बनने लगें तो यह स्थिति चिंता का विषय बन जाती है। इसलिए आवश्यक है कि हम असहमति को सम्मानजनक संवाद के रूप में स्वीकार करें, न कि उसे व्यक्तिगत आक्रमण का माध्यम बना दें। समाज के जागरूक वर्ग–जैसे लेखक, पत्रकार, शिक्षाविद और बुद्धिजीवी–इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सार्वजनिक विमर्श का स्तर गिरने न पाए। तर्क, तथ्य और मयार्दा के साथ अपनी बात रखने की परंपरा को मजबूत करना ही लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा योगदान हो सकता है। यह भी ध्यान रखना चाहिए कि राजनीतिक सत्ता स्थायी नहीं होती। समय के साथ सरकारें बदलती रहती हैं, नेता आते-जाते रहते हैं और परिस्थितियाँ भी बदलती रहती हैं। लेकिन राष्ट्र की प्रतिष्ठा और उसकी गरिमा स्थायी होती है। इसलिए किसी भी राजनीतिक विवाद या असहमति में हमें इस मूल तथ्य को नहीं भूलना चाहिए कि अंततः हम सभी एक ही देश के नागरिक हैं और उसकी प्रतिष्ठा हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम राजनीतिक बहसों को अधिक परिपक्व और जिम्मेदार बनाएं। असहमति को शत्रुता में बदलने के बजाय उसे विचारों के स्वस्थ आदान-प्रदान का माध्यम बनाएं। आलोचना करें, लेकिन तर्क और तथ्य के आधार पर करें। व्यंग्य करें, लेकिन उसकी मयार्दा बनाए रखें। और सबसे महत्वपूर्ण यह कि किसी भी परिस्थिति में देश की प्रतिष्ठा और गरिमा को सर्वोपरि रखें। लोकतंत्र की असली ताकत केवल चुनावों में नहीं, बल्कि उस संवाद में होती है जो समाज के भीतर निरंतर चलता रहता है। यदि यह संवाद संयमित, तर्कपूर्ण और सम्मानजनक होगा तो लोकतंत्र मजबूत होगा। लेकिन यदि यह संवाद घृणा, उपहास और कटुता से भर जाएगा, तो लोकतंत्र की जड़ें कमजोर पड़ने लगेंगी।

अंततः यह स्मरण रखना होगा कि राजनीतिक टिप्पणियाँ क्षणिक होती हैं, लेकिन राष्ट्र की उपलब्धियाँ इतिहास बन जाती हैं। जिस मैदान को लेकर कभी तंज कसे गए थे, उसी मैदान पर जब भारत विश्व विजेता बनकर खड़ा होता है, तो वह केवल एक खेल की जीत नहीं होती–वह यह भी संदेश देती है कि नकारात्मकता और कटाक्ष से ऊपर उठकर ही देश की असली पहचान बनती है। सत्ता बदलती रहती है, राजनीतिक समीकरण बदलते रहते हैं, लेकिन देश की प्रतिष्ठा हमेशा सर्वोपरि रहती है। यही कारण है कि हर नागरिक का यह दायित्व है कि वह अपने शब्दों और विचारों के माध्यम से उस गरिमा को बनाए रखने में योगदान दे। जब हम यह समझने लगेंगे कि राजनीतिक मतभेदों से ऊपर राष्ट्रहित है, तभी लोकतंत्र की वास्तविक भावना सुरक्षित रह सकेगी।

# एक परीक्षा से बड़ी ज़िंदगी: यू.पी.एस.सी. के इर्द-गिर्द बनती मानसिकता पर सवाल



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक




हाल ही में संघ लोक सेवा आयोग (यू.पी.एस.सी.) के परिणाम घोषित हुए हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी सफल अभ्यर्थियों की कहानियाँ सुर्खियों में हैं। टॉपर्स के इंटरव्यू, उनकी रणनीति, उनकी मेहनत और संघर्ष की चर्चा पूरे देश में हो रही है। यह स्वाभाविक भी है। वर्षों की कठिन तैयारी के बाद जो युवा इस परीक्षा में सफल होते हैं, उनकी उपलब्धि निश्चित ही प्रशंसा के योग्य है। लेकिन इस उत्सव के बीच एक दूसरा पक्ष भी है, जिस पर कम चर्चा होती है। वह है यू.पी.एस.सी. के इर्द-गिर्द हमारे समाज में बनती वह मानसिकता, जिसने इस परीक्षा को केवल एक अवसर नहीं बल्कि सफलता का अंतिम पैमाना बना दिया है।

धीरे-धीरे हमारे सामाजिक वातावरण में यह धारणा गहराती गई है कि पढ़ाई का सबसे बड़ा उद्देश्य यू.पी.एस.सी. है। घरों में, रिश्तेदारों की बातचीत में, यहां तक कि स्कूल-कॉलेज के माहौल में भी अक्सर यही संदेश सुनाई देता है कि असली सफलता वही है जो इस परीक्षा से होकर गुजरे। किसी घर में यदि कोई युवक या युवती भारतीय प्रशासनिक सेवा (क्अर) या भारतीय पुलिस सेवा (क्ढर) में चयनित हो जाता है तो वह पूरे परिवार और मोहल्ले के लिए गर्व का विषय बन जाता है। यह गर्व स्वाभाविक है, लेकिन इसके साथ एक अनकहा संदेश भी समाज में फैलता है–जो इस परीक्षा में सफल नहीं हुआ, वह शायद उतना सफल नहीं है। यही सोच कई बार लाखों युवाओं के मन पर अनावश्यक दबाव बना देती है। 18झ्र19 वर्ष की आयु में जब कोई छात्र अपने भविष्य के बारे में सोच रहा होता है, तब अक्सर उसके सामने यू.पी.एस.सी. को ही सबसे बड़ा लक्ष्य बनाकर प्रस्तुत किया जाता है। दिलचस्प बात यह है कि इन युवाओं में से बहुत कम लोग वास्तव में शासन व्यवस्था, नीति निर्माण या सार्वजनिक सेवा की जटिलताओं को समझते हुए इस दिशा में आगे बढ़ते हैं। कई बार यह निर्णय प्रेरणा से अधिक सामाजिक प्रतिष्ठा की कल्पना से प्रेरित होता है। सोशल मीडिया के दौर में यह प्रवृत्ति और तेज हुई है। छोटी-छोटी वीडियो क्लिप, वर्दी में अधिकारियों की छवियाँ, 'कलेक्टर साहब' या 'सुपरकॉप' जैसे लोकप्रिय चित्रण युवाओं के मन में एक आकर्षक छवि बनाते हैं। लेकिन इन छवियों के पीछे की वास्तविकता–लंबे कार्य घंटे, प्रशासनिक जटिलताएँ, प्राकृतिक आपदाओं के समय निरंतर जिम्मेदारी, राजनीतिक दबाव और निर्णयों की कठिनाइयाँ–इनका उल्लेख शायद ही कभी होता है।

इस परीक्षा से जुड़ा एक और महत्वपूर्ण प्रश्न भाषा का भी है। पिछले कुछ वर्षों में यू.पी.एस.सी. के परिणामों में हिंदी माध्यम के अभ्यर्थियों का प्रतिनिधित्व लगातार घटता दिखाई देता है। यह केवल भाषा का सवाल नहीं है, बल्कि अवसरों की समानता से जुड़ा मुद्दा भी है। देश के छोटे शहरों और कस्बों से आने वाले अनेक छात्र सीमित संसाधनों में इस परीक्षा की तैयारी करते हैं। उनके सामने अंग्रेजी भाषा की चुनौती होती है, अध्ययन सामग्री की कमी होती है और महंगी कोचिंग व्यवस्था भी एक बाधा बनती है। विडंबना यह है कि जिन अधिकारियों को देश की विविध जनता के साथ काम करना होता है, वही जनता प्रायः अपनी स्थानीय भाषाओं में सोचती और बोलती है। हिंदी, भोजपुरी, मैथिली, अवधी या अन्य भारतीय भाषाएँ केवल संचार का माध्यम ही नहीं बल्कि सामाजिक अनुभवों की अभिव्यक्ति भी हैं। यदि चयन की प्रक्रिया में भाषाई असमानता का अनुभव बढ़ता है, तो यह चिंता का विषय होना चाहिए। इसके साथ ही हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि देश का निर्माण केवल प्रशासनिक सेवाओं से नहीं होता। आज भारत की प्रगति में वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, उद्यमियों, शिक्षकों, डॉक्टरों और तकनीकी विशेषज्ञों का योगदान भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काम करने वाले हजारों युवा देश की डिजिटल संरचना को मजबूत बना रहे हैं। स्टार्ट-अप जगत में नए विचार किसानों, छोटे व्यापारियों और आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान खोज रहे हैं। फिर भी इन पेशों को वह सामाजिक प्रतिष्ठा शायद ही मिलती है जो सिविल सेवा से जुड़ी छवि को प्राप्त होती है। यह असंतुलन युवाओं के करियर विकल्पों को भी प्रभावित करता है। कई प्रतिभाशाली छात्र केवल सामाजिक अपेक्षाओं के कारण वर्षों तक यू.पी.एस.सी. की तैयारी में लगे रहते हैं, जबकि उनकी क्षमता अन्य क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय योगदान दे सकती है।

यह भी एक कठोर सच्चाई है कि लाखों अभ्यर्थियों में से केवल कुछ सौ ही इस परीक्षा में अंतिम रूप से सफल हो पाते हैं। बाकी अभ्यर्थियों के लिए यह प्रक्रिया कई बार लंबी और मानसिक रूप से कठिन साबित होती है। कुछ छात्र पाँच-छह वर्ष तक लगातार प्रयास करते हैं। इस दौरान उनकी उम्र, आर्थिक संसाधन और कई बार व्यक्तिगत संबंध भी प्रभावित होते हैं। असफलता की स्थिति में उन्हें यह महसूस कराया जाता है मानो उनका संघर्ष व्यर्थ हो गया हो। वास्तव में यह दृष्टिकोण ही सबसे बड़ी समस्या है। किसी परीक्षा में सफलता या असफलता किसी व्यक्ति की संपूर्ण क्षमता या मूल्य का निर्धारण नहीं कर सकती। यू.पी.एस.सी. एक महत्वपूर्ण परीक्षा अवश्य है, लेकिन यह जीवन की संभावनाओं का अंतिम दरवाजा नहीं है। समाज के रूप में हमें यह समझना होगा कि सफलता के अनेक रास्ते होते हैं।

यदि हम युवाओं को केवल एक ही मार्ग को सर्वोच्च बताकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे, तो अनजाने में हम उनकी संभावनाओं को सीमित कर देंगे। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम यू.पी.एस.सी. जैसी परीक्षाओं का सम्मान करते हुए भी उन्हें जीवन का एकमात्र लक्ष्य न बनने दें। युवाओं को यह भरोसा दिया जाना चाहिए कि उनकी मेहनत, उनकी प्रतिभा और उनका योगदान किसी एक परिणाम से कम नहीं हो जाता। हर पेशे की अपनी गरिमा है और हर जिम्मेदारी का समाज में अपना महत्व है। यदि हम यह संतुलित दृष्टिकोण विकसित कर पाए, तो न केवल युवाओं पर अनावश्यक दबाव कम होगा बल्कि देश को विविध क्षेत्रों में प्रतिभाशाली और समर्पित नागरिक भी मिलेंगे। अंततः यह याद रखना चाहिए कि किसी भी परीक्षा का परिणाम केवल एक अवसर तय करता है, किसी व्यक्ति का मूल्य नहीं। जीवन की संभावनाएँ उससे कहीं व्यापक होती हैं–और वही संभावनाएँ किसी समाज की वास्तविक ताकत होती हैं।

# मेंटल हेल्थ : घाना के युवा दुनिया में सबसे ज्यादा मजबूत



स्नेहा सिंह
लेखिका

सैपियंस लैब द्वारा किए गए 84 देशों के अध्ययन में भारत 60वें स्थान पर, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस जैसे देश भी पीछे सब-सहारा अफ्रीका के अन्य छोटे, पिछड़े और गरीब देशों के युवा भी मानसिक स्थिति के मामले में ज्यादा मजबूत और आगे हैं। इस सूची में घाना पहले स्थान पर है, जबकि नाइजीरिया दूसरे और केन्या तीसरे स्थान पर आते हैं। जिम्बाब्वे चौथे और तंजानिया पांचवें स्थान पर आते हैं। बॉटम-10 देशों में विकसित देशों के नाम आते हैं। इस सूची में हांगकांग शीर्ष स्थान पर है। उसके बाद ताइवान दूसरे स्थान पर, जापान तीसरे, ब्रिटेन चौथे और चीन पांचवें स्थान पर हैं। ब्राजील छठे, यूक्रेन सातवें और किर्गिस्तान आठवें तथा न्यूजीलैंड नौवें और बांग्लादेश 10वें स्थान पर आते हैं। घाना में युवा परिवार के साथ ही रहते हैं। वे भाई-बहनों और रिश्तेदारों के साथ लगातार संपर्क में रहते हैं। वे अपने परिवार की मदद को प्राथमिकता देते हैं। दूसरी ओर यहां आध्यात्मिकता और धार्मिक जुड़ाव भी ज्यादा है। उसके कारण भी उन्हें मानसिक समर्थन मिल रहा है। दुनिया भर में जो परिस्थितियां चल रही हैं और उसका असर दुनिया के लोगों पर जिस तरह पड़ रहा है, उसके संदर्भ में हाल ही में एक वैश्विक अध्ययन सामने आया है। सैपियंस लैब द्वारा हाल ही में 84 देशों के युवाओं पर एक अध्ययन किया गया था। 'ग्लोबल माइंड हेल्थ' नाम की इस रिपोर्ट में 18 वर्ष से 34 वर्ष के युवाओं की मानसिक स्थिति को समझने का प्रयास किया गया था। युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य के जो निष्कर्ष सामने आए, उन्होंने पूरी दुनिया को चौंका दिया है। यूथ मेंटल हेल्थ में घाना दुनिया में शीर्ष स्थान पर है। घाना के युवा, यानी जिन्हें यंग एडल्ट कहा जाता है, मजबूत मनोबल वाले और मानसिक रूप से स्वस्थ माने गए हैं। इस सूची में भारत के युवा काफी पीछे हैं। इस सूची में भारत 60वें स्थान पर आता है। दूसरी ओर अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, जर्मनी, चीन, जापान जैसे देश भी इस सूची में काफी पीछे हैं। जापान तो लगभग सबसे आखिरी स्थान पर ही आता है, ऐसा कहा जाता है। शोधकताओं द्वारा मेंटल हेल्थ कॉन्सेप्ट के आधार पर हर देश को अंक दिए गए थे। इसमें घाना के अंक सबसे ज्यादा थे। इसमें बताया गया है कि ज्यादा आय और समृद्धि वाले देशों के युवाओं की मनोदशा कमजोर पाई गई। दूसरी ओर गरीब और संघर्ष करने वाले देशों के युवाओं का मनोबल अत्यंत मजबूत है। जानकारों के अनुसार गरीबी, संघर्ष, पीड़ा और कठिनाइयों के बावजूद ये युवा आगे हैं। केवल घाना ही आगे है, ऐसा नहीं है। सब-सहारा अफ्रीका के अन्य छोटे, पिछड़े और गरीब देशों के युवा भी मानसिक स्थिति के मामले में ज्यादा मजबूत और आगे हैं। इस सूची में घाना पहले स्थान पर है, लेकिन नाइजीरिया, केन्या, तंजानिया जैसे देश भी ऊपर हैं। इस सूची में नाइजीरिया दूसरे स्थान पर है, जबकि केन्या तीसरे स्थान पर आता है। जिम्बाब्वे चौथे और तंजानिया पांचवें स्थान पर है। इन सभी देशों के अंक वैश्विक औसत से काफी ज्यादा हैं। वैश्विक औसत 38 है, जबकि इन देशों के अंक 50 से 60 के बीच हैं। इसके अलावा 40 वर्ष से ऊपर की उम्र के लोगों के मामले में तो 100 से भी ज्यादा अंक पाए गए हैं। इसके अलावा टॉप-10 देशों में डोमिनिकन रिपब्लिक, इंडोनेशिया, फिलीपींस, रवांडा और इजराइल का भी समावेश है। दूसरी ओर सबसे कम अंक पाने वाले और सबसे नीचे आने वाले बॉटम-10 देशों में विकसित देशों के नाम आते हैं। इस सूची में हांगकांग शीर्ष स्थान पर है। उसके बाद ताइवान दूसरे स्थान पर, जापान तीसरे, ब्रिटेन चौथे और चीन पांचवें स्थान पर हैं। ब्राजील छठे, यूक्रेन सातवें और किर्गिस्तान आठवें तथा न्यूजीलैंड नौवें और बांग्लादेश 10वें स्थान पर आते हैं। औसत सूची देखें तो बेल्जियम और मेक्सिको 52वें स्थान पर आते हैं। इसी तरह फ्रांस और अमेरिका 58वें स्थान पर आते हैं। इसी तरह अफगानिस्तान, रूस और भारत इस सूची में 60वें स्थान पर हैं। कनाडा और पाकिस्तान इस सूची में 65वें स्थान पर आते हैं। इसके अलावा जर्मनी 71वें स्थान पर और आस्ट्रेलिया 74वें स्थान पर आता है। इन सभी बड़े देशों के युवा बड़ी मानसिक परेशानियों में फंसे हुए हैं। उनकी मानसिक स्थिति ज्यादा मजबूत नहीं है। जानकारों के अनुसार शोधकताओं ने कुछ मापदंडों के आधार पर दुनिया के 84 देशों के युवाओं की मानसिक स्थिति का मूल्यांकन किया था।

# 50 दुकानों का हटाया अतिक्रमण, आठ हजार जुमार्ना वसूला

## मल्हीपुर रोड पर जैन कॉलेज तिराहे से पीएनबी तक चला अभियान

वेलकम इंडिया ब्यूरो





**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज सोमवार को भी अतिक्रमण के खिलाफ अपना अभियान जारी रखा। नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने मल्हीपुर रोड पर जैन डिग्री कॉलेज तिराहे से पंजाब नेशनल बैंक तक करीब 50 स्थानों से अतिक्रमण हटाया और आठ हजार रुपये का जुमार्ना वसूला। आईजीआरएस पर आई एक शिकायत पर भी कार्रवाई करते हुए नवीन नगर में एक टैण्ट दुकानदार द्वारा किया गया अतिक्रमण हटाया गया।

प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग ने बताया कि नगरायुक्त के निर्देश पर आज मल्हीपुर रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान करीब 50 दुकानों का अतिक्रमण हटाया गया। पांच दुकानों का स्थायी तथा बाकि दुकानों का अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान एक दर्जन होर्डिंग और बोर्ड जब्त कर नगर निगम लाये गए। कुछ दुकानों के सड़क पर रखे चैनल, गेट, लोहे की सीढ़िया आदि भी जब्त की गयी। लेकिन दुकानदारों द्वारा ये आश्वासन देने के बाद कि वह भविष्य में अतिक्रमण नहीं करेंगे, उन पर जुमार्ना लगाकर सामान वापिस कर दिया गया। उन्होंने बताया कि आठ दुकानदारों पर आठ हजार रुपये जुमार्ना लगाया गया। पशु डेरी का चालान- नगर निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा के नेतृत्व में जनता रोड स्थित एक पशु डेरी पर गंदगी फैलाने के कारण दो हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। डेरी स्वामी को एक माह के भीतर वहां से डेरी शिफ्ट करने की चेतावनी भी दी गयी। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल की टीम मौजूद रही।

# गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सुंदर पगड़ी प्रतियोगिता, अमरजीत सिंह प्रथम

वेलकम इंडिया ब्यूरो



**रामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सुंदर पगड़ी प्रतियोगिता में पहले स्थान पर अमरजीत सिंह दूसरे स्थान पर दलजीत सिंह बाजवा तीसरे स्थान पर अमृतपाल सिंह आहूजा स्थान प्राप्त किया इसके अलावा भी चौथे पांचवें छठे साथ में आठवें स्थान पर आने वाले सिख बच्चों को सम्मानित किया समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने बताया बच्चों को सम्मान देना उनका हौसला बढ़ाना है वीर खालसा सेवा समिति के द्वारा समय-समय पर बच्चों को सम्मानित किया जाता है आज सुंदर पगड़ी बांधने वालों को ढाल वस्त्र रूप देकर सम्मानित किया है समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा यह सेवाएं आगे भी जारी रहेगी सिख बच्चे जब छोटी उम्र में है पगड़ी बांधते हैं तो यह अति उत्साहक और सम्मान की बात है समिति द्वारा आज सभी बच्चों को सम्मानित किया गया इस मौके पर सुरजीत सिंह नरेंद्र पाल सिंह लकी मनजीत सिंह वजीर सिंह गुलशन अरोड़ा उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत बैंक संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई



नितिन शर्मा

**चांदपुर।** शकुंतला महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी डॉ० मनोज कुमार के निर्देशन में ग्राम हीमपुर बुजुर्ग में चलाए जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर कैंप का तीसरा दिवस रहा। सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष प्राचार्य डॉ एच. जी. पाठक, प्रबंधक पी. एन.बी. बैंक शिव गुप्ता और उपप्राचार्य डॉ शिवानी शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

'बैंक के माध्यम से अपनी आय बढ़ाना, फ्रॉड से कैसे बचें, डेबिट और क्रेडिट कार्ड की भूमिका' पर शिव गुप्ता ने विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि आज सभी को बैंक के प्रति सजग हो जाना चाहिए क्योंकि रुपए से ही सारा कार्य होता है। उन्होंने क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, आर. डी., एफ .डी.की जानकारी देते हुए फ्रोड होने से कैसे बचे इसके भी गुर सिखाए। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि हमें बैंक के सभी कार्य करने आने चाहिए। कार्यक्रम का सफल संचालन बी. एड. प्रभारी दीपक सरोहा ने किया।

# 850 बडे.बकायादारों को भेजे कुर्की नोटिस

## बकाया वसूली के लिए सख्त कार्रवाई शुरू, 8 सम्पत्तियां की गयी सील





वेलकम इंडिया ब्यूरो

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम के राजस्व विभाग ने बडे.बकायादारों से वसूली में तेजी लाने के लिए कुर्की के नोटिस जारी करने शुरू कर दिए हैं। करीब साढे.आठ सौ बकायादारों को कुर्की नोटिस भेजे गए है। निगम अधिकारियों ने बताया कि भवनों को कुर्क करने के बाद उनकी नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जायेगी।

शहर के सात बकायादारों की सम्पत्तियों को निगम द्वारा सील भी किया गया है। नगर निगम द्वारा बकाया टैक्स वसूली के लिए भवनों को सील करने व कुर्की आदि की सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने बताया कि नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर अभी तक करीब साढे. आठ सौ बडे. बकायादारों को कुर्की नोटिस भेजे गए हैं और अभी अन्य को भी भेजे जा रहे हैं।

उन्होंने ऐसे सभी बकायादारों से अपील की है कि वे कुर्की की कार्रवाई से बचने के लिए बकाया टैक्स तत्काल जमा कराएं। उन्होंने बताया कि भवनों को कुर्क करने के बाद उनकी नीलामी की प्रक्रिया भी शुरू की जायेगी।

उन्होंने बताया कि अंबाला रोड, खात्ताखेड़ी, दिल्ली रोड व नखासा बाजार में भवन स्वामियों द्वारा बकाया जमा न करने पर आठ सम्पत्तियों को सील करने की कार्रवाई की गयी है।

# एम्प्रेस क्लब द्वारा शहर की पहली महिला रिक्शा चालक सहित 150 से अधिक महिलाएं सम्मानित



डॉ. शंभु पंवार

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एम्प्रेस क्लब जयपुर, द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। एम्प्रेस क्लब की संस्थापिका खुशबू भारद्वाज ने बताया कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 150 से अधिक महिलाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में अतिथि के रूप में मनोज मुद्गल, बलविंदर वालिया तथा नारायणा हॉस्पिटल की टीम उपस्थित रही।समारोह में शहर की पहली महिला रिक्शा चालक हेमलता भारद्वाज को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिनकी संघर्षपूर्ण यात्रा अनेक महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है। इसके अतिरिक्त कुसुम, रिया, अदिति, प्रियंका, शीतल, पल्लवी, प्रियंका बजाज, अमृता और शिप्रा सहित महिलाओं को समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।हेल्थ ओके की ओर से अनिल जी ने भी सहभागिता निभाई और सभी सम्मानित महिलाओं को स्वास्थ्य से जुड़े विशेष उत्पाद भेंट किए। वहीं नारायणा हॉस्पिटल की ओर से डॉ. पूनम गोयल ने महिलाओं के स्वास्थ्य और जागरूकता को लेकर महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी सुझाव साझा किए।

# डिजीटल मोड में होगा जनगणना-2027 का कार्य



वेलकम इंडिया ब्यूरो

**सहारनपुर।** सहारनपुर महानगर में जनगणना-2027 की तैयारी जोर शोर से शुरू कर दी गयी है। महानगर में जनगणना के लिए तीन जोन गठित करते हुए उनके जोन प्रभारी नियुक्त किये गए हैं। इसके अलावा अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी जनगणना सैल में नियुक्त किये गए है। लखनऊ निदेशालय से आये सहायक निदेशक व जनगणना के मण्डल प्रभारी आशुतोष कुमार ने आज जनगणना सैल के अधिकारियों व कर्मचारियों को यहां निगम के शाकुंभरी सभागार में मकान सूचीकरण आदि जनगणना के सम्बंध में तकनीकी प्रशिक्षण दिया। जोन प्रभारी व कर निर्धारण अधिकारी श्रुति महेश्वरी ने बताया कि जनगणना डिजीटल मोड में होगी। उन्होंने बताया कि जनगणना का कार्य दो चरणों में होगा। पहला चरण मई 2026 से 20 जून 2026 तक चलेगा, दूसरा चरण फरवरी-2027 में होगा। उन्होंने बताया कि पहली बार स्वजनगणना भी की जायेगी। नागरिक स्वयं ऑन लाइन अपना विवरण भेज सकेंगे। इसमें 33 प्रश्नों की प्रश्नावली रहेगी। उधर नगरायुक्त शिपू गिरि ने सैल में नियुक्त अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए है कि जनगणना निदेशालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार जनगणना का कार्य तत्परता से करें उन्होंने चेतावनी दी कि जनगणना कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जनगणना सैल में अपर नगरायुक्त मृत्युंजय नगर जनगणना अधिकारी बनाये गए है। इनके अलावा सहायक नगरायुक्त जे पी यादव व विकास धर दुबे तथा कर निर्धारण अधिकारी श्रुति महेश्वरी को अलग अलग जोन का दायित्व दिया गया है। जबकि कर निर्धारण अधिकारी सुधीर शर्मा, सुरेंद्र सिंह व आशुतोष गुप्ता तथा सफाई निरीक्षक अमित तोमर, आशीष धौलाखण्डी व अमर ज्योति को सहायक बनाया गया है। जनगणना सैल में जनगणना मानचित्रकार अरविंद अरोड़ा, मुख्य जनगणना लिपिक इद्रजीत आनन्द तथा वरिष्ठ लिपिक दीपक वर्मा, अनुज सैनी व अपार गुप्ता और आईटी आफिसर मोहित तलवार के अलावा अनेक कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी गयी है। आज कार्यशाला में उक्त सब अधिकारियों के अलावा राजस्व विभाग के अनेक कर्मचारी भी शामिल रहे।

# शौर्य फाउंडेशन ने छात्रों को वितरित की पाठ्य सामग्री



हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़।** हापुड़ जनपद के गढ़मुक्तेश्वर नगर स्थित श्रीभागीरथी संस्कृत महाविद्यालय में सोमवार को शौर्य फाउंडेशन की ओर से छात्रों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई। इस दौरान विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में शौर्य फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व सपा नेता आशुतोष शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

उन्होंने छात्रों को कॉपी, पेन और अन्य अध्ययन सामग्री वितरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता की सबसे मजबूत नींव होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे कठिन परिस्थितियों में भी पढ़ाई जारी रखें और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहें। आशुतोष शर्मा ने कहा कि समाज में शिक्षा का प्रसार बेहद जरूरी है और इसी उद्देश्य से शौर्य फाउंडेशन समय-समय पर विद्यार्थियों के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। उन्होंने बताया कि संस्था का प्रयास है कि जरूरतमंद और मेधावी विद्यार्थियों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों ने भी छात्रों को अनुशासन और नियमित अध्ययन की सीख दी। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने पाठ्य सामग्री मिलने पर खुशी जताई और संस्था का आभार व्यक्त किया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया




वेलकम इंडिया ब्यूरो

**बिजनौर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विकास खण्ड नूरपुर में मुख्य अतिथि आकांक्षा चौहान, ब्लॉक प्रमुख नूरपुर की गरिमामयी उपस्थिति में महिलाओं के खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम विकास खण्ड नूरपुर की समूह की महिलाओं द्वार मुख्य अतिथि आकांक्षा चौहान, ब्लॉक प्रमुख नूरपुर तथा डॉ दिनेश पाल शर्मा खण्ड विकास अधिकारी नूरपुर को शॉल उढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात समूह की महिलाओं ने म्यूजिकल चेयर, शेर-बकरी, खो-खो आदि खेलों का प्रदर्शन किया जिसमें आकांक्षा चौहान, सोनम तथा सोनिका विजयी रही। जिसके उपरान्त मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर महिलाओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर आकांक्षा चौहान ब्लॉक प्रमुख नूरपुर ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस वर्ष 2026 की थीम 'समानता से सशक्तीकरण, भविष्य की नींव' जो कि महिलाओं के नेतृत्व और तकनीकी नवाचार पर केंद्रित है पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किये तथा बताया कि यह दिन कार्यस्थल पर असमानता, हिंसा और शिक्षा की कमी जैसे मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित करता है और समाज में महिलाओं के योगदान को सम्मान देता है तथा बताया कि यह दिवस विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए, महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर मनाया जाता है।

# लाइनमैन बिजली सेक्टर के ब्रांड एंबेसडर- राकेश पाठक

मदन वर्मा



**इंदौर।** मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डीपी पाठक ने कहा कि बिजली कंपनियों में संविदा, आउटसोर्स पर बिजली लाइनों, टांसफार्मर पर और सब स्टेशनों में तकनीकी कार्य करने वाले बिजली सेक्टर के ब्रांड एंबेसडर लाइनमैन साथियों को विद्युत दुघर्टना से बचाने के साथ उनके सुरक्षित, सुखद जीवन के लिए उनसे जोखिमपूर्ण तकनीकी कार्य कराने के पूर्व बेहतरीन तकनीकी प्रशिक्षण अनिवार्य रूप दिया जाना चाहिए। उन्हें गुणवत्ता पूर्ण सुरक्षा उपकरण प्रदान किए जाएं। विद्युत दुघर्टना को रोकने के लिए वर्क परमिट देते समय सुरक्षा, सुरक्षित जीवन हेतु पूरी सावधानी बरती जाए। लाईनमैन साथियों आप भी अपना कार्य पूरा सुरक्षा घेरा बनाकर पूरे सुरक्षा उपकरण को साथ में लेकर ही चालू लाईनों, टांसफार्मर और सब स्टेशनों पर काम करें।

# मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर निकली विशाल शोभा यात्रा

वेलकम इंडिया ब्यूरो





**लखनऊ(रहीमाबाद)।** गहदो मार्ग पर स्थित श्री ठाकुर जी महाराज राम जानकी मंदिर में मंदिर के ट्रस्ट के द्वारा सोमवार को विशाल शोभा यात्रा के साथ श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा हुई।धार्मिक आस्था और उत्साह के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस शोभा यात्रा में शामिल हुए। पुरुष महिलाएं वृद्ध युवा जयकारा लगाते हुए यात्रा में शामिल हुई।

आपको बता दें कि, श्री ठाकुर जी महाराज राम जानकी मंदिर में श्री राम दरबार मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को विशाल शोभा यात्रा निकाली गयी।आयोजन से पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा। शोभा यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए फिर वापस मंदिर पहुंची।जहां विद्वान पंडितों की उपस्थिति में पूरे विधि विधान से श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा की गई।प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर भक्तों में जबरदस्त उत्साह रहा। धूमधाम के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान भक्तों ने जयश्रीराम के नारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

श्री ठाकुर जी महाराज राम जानकी मंदिर धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष अक्षत तिवारी ने बताया कि मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भी कार्यक्रम आयोजित है।जिसका आज चौथा दिन है।जिसका समापन 13 मार्च को विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा। शोभा यात्रा सैकड़ों लोग शामिल रहें।

# ओम्बड्समैन विद्युत ने खारिज किया उपभोक्ता पर थोपा गया 3 लाख रुपये से अधिक का अधिभार

**रुड़की( वेलकम इंडिया)।** उत्तराखंड के विद्युत ओम्बड्समैन ने जिला उपभोक्ता विद्युत मंच के निर्णय आदेश दिनांकित 22 सितंबर 2025 के विरुद्ध उपभोक्ता कटार सिंह की अपील स्वीकार करते हुए मंच का निर्णय अपास्त कर उपभोक्ता पर विद्युत विभाग द्वारा थोपे गए 3,16,944 रुपये के अधिभार को खत्म कर दिया है।उपभोक्ता मामलों के वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीगोपाल नारसन ने बताया कि रुड़की क्षेत्र के ग्राम साबतवाली में कटार सिंह नामक किसान ने गन्ने की क्रेशिंग के लिए विजुधा आर्गेनिक फार्मर्स प्रोड्यूसर नाम से एक क्रेशर लगाया हुआ है,जिसको संचालित करने के लिए लिए गए विद्युत कनेक्शन के देय बिलो का नियमित भुगतान करने के बावजूद विद्युत विभाग ने लगाए गए चैक मीटर के सापेक्ष सन्दर्भित विद्युत मीटर 73.97 प्रतिशत स्लो बताकर 13 महीने का अधिभार अंकन 3,16,944 रुपये गलत रूप से उपभोक्ता पर थोप दिया और उपभोक्ता द्वारा अन्य बिल मद में जमा किये गए 10 लाख रुपये में से उक्त अधिभार राशि भी काट ली।उपभोक्ता द्वारा आपत्ति करने पर भी समाधान न होने पर जिला उपभोक्ता विद्युत मंच हरिद्वार में शिकायत की गई,जहां मंच ने शिकायत स्वीकार कर 13 महीने के अधिभार के बजाए 12 महीने के अधिभार को जायज माना,लेकिन उपभोक्ता इस फैंसले से संतुष्ट नही हुए और उन्होंने वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीगोपाल नारसन के माध्यम से उत्तराखंड के विद्युत ओम्बड्समैन के समक्ष अपील योजित की और तर्क दिया कि सन्दर्भित चैक मीटर की जांच लोकल स्तर पर की गई,वही जब एमआरआई हर महीने होती है और मीटर के रखरखाव की जिम्मेदारी विद्युत विभाग की है,तो मीटर स्लो होने के लिए उपभोक्ता जिम्मेदार नही है।

# छत्तीसगढ़ कुंज में धूमधाम से सम्पन्न हुआ रंगोत्सव होली मिलन एवं सनातन नारी शक्ति सम्मान समारोह

**डॉ. गोपाल चतुर्वेदी**



**वृन्दावन।** परिक्रमा मार्ग/ज्ञान गुदड़ी स्थित श्रीपंच हरिव्यासी महानिवार्णी निमोर्ही अखाड़ा (छत्तीसगढ़ कुंज) में मां सीता रसोई के द्वारा रंग पंचमी के उपलक्ष्य में दिव्य व भव्य 'रंगोत्सव होली मिलन' बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ ।जिसके अंतर्गत प्रख्यात भजन गायक बाबा चित्र-विचित्र महाराज ने अपनी सुमधुर वाणी के द्वारा होली के भजनों व रसियाओं का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन किया ।जिन पर समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया ।साथ ही रंग-गुलाल व फूलों की होली खेली।

कार्यक्रम के अंतर्गत 'अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर ₹सनातन नारी शक्ति सम्मान समारोह₹ आयोजित हुआ ।जिसमें प्रख्यात समाजसेवी डॉ. गौरव शर्मा (संस्थापक अध्यक्ष, जी-सिल एजुकेशनल सोसाइटी, नेकी की राह व सनातन पथ) एवं मां सीता रसोई की संस्थापक व संकट मोचन सेना (महिला प्रकोष्ठ) की अध्यक्ष 'पंजाब रत्न' श्रीमती मनप्रीत कौर (लुधियाना) के द्वारा ब्रज सेवा संस्थान की निदेशक श्रीमती वसुधा चतुर्वेदी, प्रख्यात ओडिसी नृत्यांगना कुंजलता बेहरा, श्रीमती भारती शर्मा एवं प्रमुख भाजपा नेत्री श्रीमती सरोज गोला आदि 10 महिलाओं को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में विशेष योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया ।साथ ही प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह अंगवस्त्र एवं ठाकुरजी का पटुका-प्रसादी-माला आदि भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर श्रीमज्जगद्गुरु विष्णुस्वामी विजयराम देवाचार्य भैयाजी महाराज (वल्लभगढ़ वाले), गोरीलाल कुंज के श्रीमहंत स्वामी किशोर दास देवजू महाराज, पीपाद्वाराचार्य जगद्गुरु बाबा बलरामदास देवाचार्य महाराज, महामंडलेश्वर महंत गोपीकृष्ण दास महाराज, पुराण मनीषी कौशिक जी महाराज, चतुःसंप्रदाय के श्रीमहंत फूलडोल बिहारीदास महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद शास्त्री,प्रख्यात साहित्यकार 'यूपी रत्न' डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ब्रज भूमि कल्याण परिषद् के अध्यक्ष पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ, महंत सुन्दरदास महाराज, संत रसिक माधव दास, प्रमुख समाजसेवी एस. के. शर्मा, याज्ञिक रत्न आचार्य विष्णुकांत शास्त्री, आचार्य मृदुलकांत शास्त्री, डॉ. मनोज मोहन शास्त्री, प्रख्यात चित्रकार ₹यूपी रत्न₹ द्वारिका आनंद, भागवताचार्य संजीव कृष्ण ठाकुरजी, महंत रामचंद्र दास, आचार्य पीठाधीश्वर स्वामी यदुनंदनाचार्य महाराज, युवराज वेदांत आचार्य, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, पार्षद सुमित गौतम, आचार्य ईश्वरचन्द्र रावत आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। चित्रकूट स्थित श्रीतुलसी पीठ के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास महाराज एवं प्रख्यात सनातन सेवी अंशुल पाराशर ने महोत्सव में पधारे सभी सन्तों-विद्वानों व आगंतुक अतिथियों को गुलाल लगाकर, पटुका ओढ़ाकर तथा माल्यार्पण करके स्वागत किया।

# आगरा जीआरपी ने पकड़ा अवैध गांजा तस्कर



**मयूर खान**

**आगरा।** आगरा में जी आरपी थाना आगरा कैंट पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से कुल 7.012 किग्रा गांजा पकड़ा है, जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 10 हजार रुपये है। अभियुक्त का नाम विवेक कुमार श्रीवास्तव है, जो जौनपुर का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है और उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। होली के त्यौहार के बाद लोग अपने काम पर वापस लौट रहे हैं, जिसके चलते स्टेशनों पर भीड़ काफी ज्यादा है। इसे देखते हुए जीआरपी ने चैकिंग अभियान चलाया था, जिसके तहत इस अभियुक्त को पकड़ा गया है।

# भारत की जीत पर झूमे बलदेववासी,मिठाई बांटकर मनाई खुशी



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा(बलदेव)।** भारत के टी-20 विश्व कप जीतने पर बलदेव व देहात क्षेत्र में खेल प्रेमियों ने जमकर जश्न मनाया। गलियों से लेकर मुख्य चौराहों तक, हर तरफ बस क्रिकेट का जुनून नजर आया। जैसे ही न्यूजीलैंड का आखिरी विकेट गिरा, मैच देख रहे सभी खेल प्रेमी उछल पड़े। लोगों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया तो कई जगह आतिशबाजी भी चलाई गई। युवा समाजसेवी सुजीत वर्मा ने टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में भारत की शानदार जीत पर क्रिकेटरों को दिल से बधाई देते हुए कहा कि। उनके खेल कौशल, जुनून और बेहतरीन टीमवर्क ने एक बार फिर देश को गौरवान्वित किया है। हमारी टीम पूरे टूनामेंट में चैंपियन की तरह खेली। भारत की जीत पर हर्ष व्यक्त करने वालों में सुजीत वर्मा,आचार्य विष्णु जी महाराज,आचार्य मनीष गगार्चार्य,देव अग्रवाल,बलदेव अग्रवाल,चंद्रपाल सिंह देशवार,अखिलेश पाठक,अनुज उपमन्यु,बसंत लाल,सतेंद्र पहलवान,मन्नू पुजारी,भानु पुजारी,गोपाल पांडेय, करन अग्रवाल,सोनू भैया,जगदीश पाठक,आदि रहे।

# पापी से पापी आत्मा को भी मुक्त करती है श्रीमद् भागवत कथा : चिन्मयानंद बापू

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मथुरा(गोवर्धन)।** परम्पावन गिरिराज तलहटी बड़ी परिक्रमा मार्ग चरणामृत कुंड पर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा की शोभायात्रा बड़ी ही धूमधाम से कस्बे में निकाली गई। शोभायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया गया। प्रथम दिवस परम पूज्य संत श्री चिन्मयानंद बापू जी ने कहा ब्रज की परम पावन गिरिराज तलहटी में भक्तजनों को कथा सुनने पर प्राप्त हुआ है। वह सभी परम सौभाग्यशाली हैं। श्रीमद् भागवत कथा ही एकमात्र ऐसी कथा है इसके अंदर जीवित व्यक्ति के साथ साथ मरे हुए व्यक्ति को भी मुक्त करने का सामर्थ है। कोई भी व्यक्ति कितना भी पाप किया हो जीवन भर कितनी भी गलत कार्यों में लिप्त रहा हो ऐसी व्यक्ति के मृत्यु के पश्चात यदि उसके नाम से श्रीमद्भागवत कथा कर दी जाए तो वह भी मुक्त हो जाता है। श्री बापू जी ने कहा की भागवत कथा के अंदर गोकर्ण धुंधकारी संवाद में हमें यही बताया गया कि जीवन भर धुंधकारी ने पाप किया और बाद में गोकर्ण ऋषि ने उनके नाम से श्रीमद् भागवत कथा का गान किया और वह मुक्त हुए बापूजी ने कहा कि जहां पर भागवत कथा होती है वहां पर उस समय में सारे तीर्थ सारी नदियां सारे देवता विचरण करते हैं। श्रीमद् भागवत कथा कल्पतरू की तरह है जिसकी शरण में बैठने पर हमारी सारी मनोकामनाएं भागवत कथा पूर्ण करती है।

# शोभायात्रा शांतिपूर्ण एवं सकुशल हुई संपन्न



**फतेह खान**

**शुजागंज अयोध्या।** कोतवाली रूदौली क्षेत्र के अन्तर्गत कस्बा रुदौली में खाटू श्याम भगवान की भव्य शोभायात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर जयकारों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जिसमें प्रभारी निरीक्षक रूदौली संजय मौर्य की अगुवाई में पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा।

खाटूश्याम शोभा यात्रा को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न भी कराया, इस यात्रा में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया और खाटू श्याम बाबा के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा।

# दीन-दुखियों की सेवा को समर्पित भक्ति धाम वेलफेयर ट्रस्ट

**डॉ. गोपाल चतुर्वेदी**



**वृन्दावन।** रुक्मणि विहार, सैक्टर-1 स्थित भक्ति धाम में प्रमुख समाज सेविका श्रीमती कृष्णा देवी गोयल (धर्मपत्नी कृष्ण गोपाल गोयल) माताजी राजकुमार गोयल (कृष्णा राइस मिल्स, पातडा) की चतुर्थ पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में भक्ति धाम वैलफेयर एंड चैरिटेबल ट्रस्ट(रजि.) पटियाला/वृन्दावन के द्वारा षष्ठ दिव्यांग सहायता शिविर आयोजित किया गया ।जिसमें कल्याणम् करोति, मथुरा के सहयोग से 36 दिव्यांगों को निःशुल्क व्हील चेयर, वैशाखी और कृत्रिम अंग आदि वितरित किए गए ।कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य ठाकुरजी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। भक्ति धाम वैलफेयर एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष के.एल. बंसल ने कहा कि हमारे ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य दीन दुखियों, विकलांगों, निर्धनों, निराश्रितों, असहायों आदि की सेवा करना ही है ।इसीलिए हमारे ट्रस्ट के द्वार श्रीधाम वृन्दावन के अलावा देश के अन्य स्थानों पर भी समय-समय पर अनेक सेवा कार्य किए जा रहे हैं। कल्याणम् करोति,मथुरा के सचिव सुनील शर्मा ने कहा कि चौरासी लाख योनियों में मनुष्य रूप में जन्म मिलना ईश्वर की बहुत बड़ी कृपा है ।इसीलिए हम सभी का यह प्रयत्न होना चाहिए, कि शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर व्यक्तियों की सेवा करके उन्हें सशक्त बनाएं।प्रख्यात साहित्यकार ₹यूपी रत्न₹ डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि भक्ति धाम वैलफेयर एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से आज दिव्यांग बालकों को उनसे सम्बन्धित जो उपकरण व अन्य सामग्री निःशुल्क वितरित की गई है,वह समाजसेवा के क्षेत्र में अत्यंत सराहनीय कार्य है। इस अवसर पर भक्ति धाम वैलफेयर एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव संदीप कुमार सिंघला, उपाध्यक्ष नरेश गोयल, मुख्य संरक्षक कर्मचंद गोयल, हर्षवर्धन बंसल, कोषाध्यक्ष रामशरण गुप्ता, प्रमुख समाजसेवी राजकुमार गोयल, राजकुमार गोयल, रॉबिन बंसल, ट्रस्ट के विशेष सलाहकार आर.के. गर्ग, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने उमेश

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मथुरा(चौमुहाँ)।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास ने संगठन का विस्तार करते हुए चौमुहाँ स्थित 'शिवा ढाबा' के संचालक उमेश शर्मा (पंडित) को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया है। उनकी इस नियुक्ति से क्षेत्रीय समर्थकों और व्यापारियों में हर्ष की लहर है।

न्यास के राष्ट्रीय संस्थापक वेदमकाश कटियार की सहमति से यह निर्णय लिया गया। नियुक्ति पत्र के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण और सनातन धर्म के प्रति उमेश शर्मा की अटूट आस्था और समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

न्यास के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया है कि उमेश शर्मा के जुड़ने से श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर से शाही ईदगाह को हटाने के संघर्ष में जुटने वाले सनातनी हिंदुओं को नया बल मिलेगा। उन्हें संगठन के विस्तार की जिम्मेदारी भी दी गई है। अपनी नियुक्ति पर खुशी व्यक्त करते हुए शिवा ढाबा के ओनर उमेश शर्मा ने बांके बिहारी का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि वह न्यास के सिद्धांतों का सत्यनिष्ठा से पालन करेंगे और संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए अपनी पूरी ऊर्जा का उपयोग करेंगे।

इस अवसर पर बंटी सिसोदिया, ललित शर्मा, मोंटी चौधरी, गुड्डू चौधरी, दीपेश शर्मा, देवेंद्र शर्मा, मोनू, ओमवीर सिंह, रवि सिसोदिया, मोंटी, शैंकी आदि ने उन्हें बधाई दी।

# महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल का हुआ मथुरा आगमन



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** जनपद मथुरा में महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल का आगमन हुआ। महामहिम राज्यपाल का हेलीकॉप्टर पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान के परिसर में उतरा। महामहिम राज्यपाल का स्वागत विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान के कुलपति डॉ अभिजित मित्र, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा किया गया। महामहिम राज्यपाल ने सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय परिसर की दीवारों पर बनाई गई विभिन्न कलाकृतियों का अवलोकन किया गया। कलाकृतियों में जल संरक्षण, पौष्टिक आहार, प्रकृति की सुरक्षा, पशु क्रूरता पर अंकुश, धार्मिक एवं पर्यटन क्षेत्र की सुन्दरता, श्री कृष्ण जी के चित्र सहित विभिन्न पेटिंग को दशार्या गया था। महामहिम को बारी बारी से छात्र-छात्राओं ने अपनी अपनी वॉल पेंटिंग के महत्व/ संदेश से अवगत कराया गया। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं द्वारा बनाई गई वॉल पेंटिंग की सराहना की। महामहिम जी को एक छात्र ने पेंसिल से बनाया हुआ आकर्षक स्केच भेंट किया। महामहिम राज्यपाल/विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में दिनांक 10 मार्च 2026 को उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान के 15वाँ दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह उपस्थित रहेंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के पशुपालन आयुक्त डॉ नवीन बी महेश्वरप्पा शामिल होंगे।

# टेट के विरोध में शिक्षक संगठन हुए लामबंद

मथुरा। परिषदीय विद्यालयों में आरटीई लागू होने से पूर्व से नियुक्त शिक्षकों के लिए टेट अनिवार्यता किए जाने के बाद से इसका विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है। प्रांतीय स्तर पर टीईटी अनिवार्यता के विरोध में विभिन्न शिक्षक संगठनों द्वारा तैयार किए गए अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ (जेटीएफआई) की बैठक में चरणबद्ध आंदोलन चलाने की रूपरेखा तैयार की गई। शिक्षक नेताओं ने कहा कि टीईटी के मुद्दे पर शिक्षक सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ने के लिए एकजुट हो रहे है। इस लड़ाई को लेकर ही अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ का गठन किया गया है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लोकेश गोस्वामी ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर विभिन्न शिक्षक, शिक्षा मित्र व अनुदेशक संगठनों को मिलाकर अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ बनाया गया है जो कि इस आंदोलन में कंधे से कंधा मिलाकर चलेगा। विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रविन्द्र चौधरी ने आंदोलन की रूपरेखा के बारे में बताते हुए उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में शिक्षक की पाती नाम से 9 से 15 मार्च तक पोस्टकार्ड, ई-मेल व ट्विटर के माध्यम से अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष को पत्र व ईमेल भेजे जाएंगे। द्वितीय चरण में मशाल जुलूस निकाला जाएगा। तीसरे चरण में 3 मई को लखनऊ घेराव की योजना है। एससीएसटी शिक्षक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अशोक प्रिया व यूटा के जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि महासंघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुई, तो मानसून सत्र में संसद भवन का घेराव किया जाएगा। बैठक का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री बलवीर सिंह ने किया। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौरव यादव, सुधीर सोलंकी, उपेन्द्र पांडेय, जितेन्द्र जोशी, अवधेश सारस्वत, खुर्शीद अहमद, हरीश शर्मा, जयपाल, कौशल किशोर गौतम आदि मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विधायक पूरन प्रकाश ने युवा मातृशक्ति को किया सम्मानित

## अब तक 3000 हजार लोगों सम्मानित किया जा चुका है संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश के द्वारा होटल निविशका इन बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज रोड मथुरा में सम्मान समारोह आयोजित किया गया ।सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि बलदेव के विधायक पूरन प्रकाश व विशिष्ट अतिथि नगर निगम वार्ड नंबर 45 की पार्षद रेनू चौधरी हुए शामिल । कार्यक्रम का शुभारंभ करते समय सबसे पहले उत्कृष्ट कार्य करने वाली युवक्तियों ने संयुक्त रूप से केक काटकर किया । विधायक पूरन प्रकाश ने कहा यह समाज के लिए गौरव की बात है आज बेटियां भी अपने पैरों पर खड़ी होकर समाज में पहचान बनाने के साथ नए-नए आयाम बना रही हैं । आज उसके सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है । नगर निगम की पार्षद रेनू चौधरी ने कहा आज बेटियां समाज में बढ़ चढ़कर समाज के लिए काम कर रही है यह समाज के लिए अच्छी बात है और आज हमें अपनी बेटियों पर गौरव है कि हम ऐसी वीडियो को आज महिला दिवस पर सम्मानित कर रहे हैं ।महिला प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व पार्षद श्वेता शर्मा ने कहा कि आज हमारे महिला टीम के द्वारा ऐसी बेटियों को हम सम्मानित कर रहे हैं जिन्होंने अपने पैरों पर खड़े हो रहकर समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाई है । आज हमने ऐसी बेटियों को सम्मानित किया है ।



संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने कहा हमारी समिति हमेशा से ही ऐसे लोगों को सम्मानित करती रही है जिन्होंने समाज के लिए कुछ अलग और विशेष कार्य किए हैं अभी तक हम लोगों ने लगभग 3000 लोगों को सम्मानित कर चुके हैं । इसी कड़ी में आज महिला दिवस पर इन बेटियों को सम्मानित किया गया । 1,नम्रता सिंह को संगीत के क्षेत्र में , शिवांगी चौधरी ( पत्रकार ) को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से सामाजिक विषयों पर अपनी पत्रकारता के माध्यम से लोगों को न्याय दिलवाने ,अंकिता शर्मा को वंचित समाज के बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने के लिए, अंजली मिश्रा ( पत्रकार ) को अपनी कलम से प्रिंट मीडिया के माध्यम से प्रिंट के माध्यम से जन समस्याओं को उठाने के साथ संबंधित विभागों के अधिकारियों तक पहुंच कर लोगों की समस्या का निराकरण करवाने के लिए । मांडवी चौधरी के द्वारा नया स्टार्टअप शुरू करके लोगों को रोजगार देने के लिए, पूजा वर्मा को साधारण बीमा क्षेत्र में लोगों को जागरूक करते हुए राष्ट्रीय संपत्ति को बचाने के लिए ।

# जनसमस्याओं के समाधान को लेकर जिलाधिकारी गम्भीर

## शिकायतो के निस्तारण में कोताही बरतने पर डीएम ने दी सख्त कार्रवाई की चेतावनी






**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बागेश्वर।** जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर, सीएम हेल्पलाइन व विकास योजनाओं की समीक्षा – डीएम आकांक्षा कोंडे ने दिए अधिकारियों को कड़े निर्देश बागेश्वर, गोविन्द मेहता, जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दरबार में आमजन की समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कई शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया और कुछ जन समस्याओं पर विभागीय लापरवाही प्रतीत होने पर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कोताही बरतने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।साथ ही संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह में समस्याओ का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

साथ ही समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों के माध्यम से सामने आई जनसमस्याओं को भी संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभागों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं के अंतर्गत शेष बजट को समयबद्ध रूप से व्यय किया जाए। साथ ही वित्तीय वर्ष 2026-27 की जिला योजना तैयार करते समय जनप्रतिनिधियों से संवाद कर उनके सुझावों को भी योजना में शामिल किए जाने और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्य की योजनाओं को शामिल करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन का कार्य आपदा आने पर केवल प्रतिक्रिया देना नहीं, बल्कि पहले से तैयार रहना होना चाहिए। उन्होंने सभी विभागों को आपदा प्रबंधन के प्रति सतर्क रहते हुए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्राम प्रधान के माध्यम से प्रत्येक गांव में पेयजल उपलब्धता का विस्तृत डेटा संकलित किया जाए, जिससे योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।इसके अतिरिक्त बैठक में घिरौली स्थित कांडा पंपिंग पेयजल योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि योजना के अंतर्गत 89 गांवों को जोड़ने के लक्ष्य के तहत प्रतिदिन कम से कम 5 गांवों को जल आपूर्ति सुचारू की जाए, ताकि ग्रामीणों को शीघ्र पेयजल सुविधा उपलब्ध हो सके।जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को कार्यालय समय का कड़ाई से पालन करने, सभी कार्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को नियमित रूप से संचालित रखने तथा सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी, अपर जिलाधिकारी एन.एस. नबियाल सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# विकास की नयी इबारत लिख रहा है मूड़ाडिहा बेग गांव



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावा का मूड़ाडिहा बेग गांव विकास की नयी इबारत लिख रहा है। गांव में बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है जिसकी हर तरफ चर्चा हो रही है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम लखन गुप्ता के नेतृत्व में गांव निरंतर विकास के नये आयाम गढ़ रहा है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम लखन गुप्ता ने वेलकम इंडिया प्रतिनिधि से खास बातचीत में कहा कि गांव में इंटरलॉकिंग, नाली निर्माण, सड़क, पंचायत भवन का निर्माण, प्राथमिक विद्यालय का जीर्णोद्धार आदि कार्य कराये गये हैं। हमारा हमेशा से यह प्रयास रहा है कि शासन की योजनाओं का लाभ गांव के लोगों को मिले। गांव में सड़कों की हालत बहुत खराब थी जलनिकासी की समस्या से लोग परेशान थे उसका समाधान कर दिया गया है। जिन उम्मीदो के साथ गांव की जनता ने हमें चुना था उनकी अपेक्षाओ को पूरा करने में हमने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है।

# थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस थानाक्षेत्र से गुमशुदा 02 बच्चों को खोजकर परिजनों के किया सुपुर्द

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली खलीलाबाद प्रभारी चौकी मगहर विनोद कुमार यादव, का0 रमेश यादव व उ0नि0 धर्मनाथ यादव, उ0नि0 अशोक दूबे, का0 आकाश यादव, का0 धर्मेन्द्र यादव ने गुमशुदा हुए 02 बच्चों को खोज कर परिजनों के सुपुर्द किया प्रथम घटना - दिनांक 08.03.2026 को समय 21.30 बजे नौशाद अली पुत्र अकबर हुसैन निवासी अंजान शहीद थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा सूचना दिया गया कि उनका पुत्र जिसाद अहमद उम्र करीब 4 वर्ष सायं काल 18.30 बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया है इस सूचना पर तत्काल चौकी मगहर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बच्चे की तलाश के क्रम में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को देखा गया ।जिसके उपरान्त उक्त बच्चे को दिनांक 08/09.03.2026 की रात्रि करीब 4:00 बजे थाना क्षेत्र सहजनवा के ग्राम भरपही से सकुशल बरामद किया गया । गुमशुदा बच्चे जिसाद अहमद को उसके माता-पिता को नियमानुसार सुपुर्द किया गया । पुलिस की तत्परता के कारण बच्चे की सकुशल बरामदगी की भूरी भूरी प्रशंसा कस्बा मगहर के लोगों द्वारा किया जा रहा है द्वितीय घटना- दिनांक 07.03.2026 को समय 17.30 बजे वादिनी अंजली पत्नी जयप्रकाश राय निवासी दसहरा (रसहरा) थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर हाल मुकाम गायत्री पुरम, गोरखल थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा सूचना दिया गया कि उनका लड़का पुष्कर उम्र करीब 12 वर्ष घर से बिना किसी को कुछ बताए कही चला गया है । उक्त सूचना पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही थी ।खोजबीन के क्रम में गुमशुदा बालक को आज दिनांक 09.03.2026 को समय 9.00 बजे रेलवे स्टेशन खलीलाबाद से बरामद किया गया ।गुमशुदा बच्चे को उसकी माता( वादिनी ) को नियमानुसार सुपुर्द किया गया । पुलिस की तत्परता के कारण बच्चे की सकुशल बरामदगी की भूरी भूरी प्रशंसा शहर खलीलाबाद के लोगों द्वारा किया जा रहा है।

# ग्रापए तहसील खलीलाबाद ने एसडीएम से की शिष्टाचार भेंट





**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** सोमवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील खलीलाबाद के अध्यक्ष अतीक अहमद के नेतृत्व में मण्डल प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी मुहम्मद परवेज अख्तर की मौजूदगी में एसडीएम खलीलाबाद, सीओ सदर और कोतवाली खलीलाबाद के प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश दुबे से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान ग्रामीण पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं, जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर तहसील उपाध्यक्ष शिवानंद चंचल, राकेश धर दूबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# माथुरवैश्य शाखा सभा वाराणसी ने धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह

**संतोष कुमार सिंह**




**वाराणसी।** माथुरवैश्य शाखा सभा वाराणसी द्वारा वर्ष 2026 का होली मिलन समारोह रथयात्रा स्थित कन्हैया लाल गुप्ता स्मृति भवन मे मनाया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि सुनील गुप्ता तथा अतिथि मंडल प्रमुख एवं निवर्तमान महिला मंडल अध्यक्ष शालिनी सुनील गुप्ता थी। सर्वप्रथम संथापक सदस्य गनेसी लाल तथा श्री हरसहाय एवं गणेश भगवान पर दीप प्रज्वलित कर ईश प्रार्थना किया गया। संस्था के शहर अध्यक्ष दिलीप कुमार गुप्ता विशेश्वरगंज द्वारा सभी अतिथियों को माल्यापर्ण कर एक एक उपहार भेट स्वरुप दिया गया।

ततपश्चात आर्केस्ट्रा और संगीतकारो ने होली के गीत और फिल्मी गानों से स्रोताओं का मनमोह लिया जिस पर वंसमोर की आवाजें आने लगीं साथ ही मनमोहक गुलाब, केसर तथा मेवा युक्त ठंडाई ने कार्यक्रम मे चार चांद लगा दिया। इसी बीच माथुर वैश्य शाखा सभा के सभी पदाधिकारी, संरक्षण मंडल एवं कार्यकारिणी के सदस्यों का मोतियों की माला पहनाकर सम्मान किया साथ मे महिला मंडल और सेवा दल के सभी पदाधिकारियों को भी मोतियों की माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

उक्त कार्यक्रम मे विशेष सहयोग करने वालो मे सुनील गुप्ता, संजय गुप्ता( पार्वती नगर ), सुबोध गुप्ता, अजय गुप्ता रहे। रंगारंग कार्यक्रम संग ठंडाई के साथ गुलाब की पत्तियों संग होली धूमधाम से खेली गई जिसमें लगभग 300 लोगो ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई।

विशेष रूप से कार्यक्रम सहयोगी महिला मंडल और सेवा दल के सभी पदाधिकारी तथा दिलीप गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, सुमित गुप्ता, उमेश गुप्ता कोष निरीक्षक, गौरव गुप्ता उपमंत्री, राकेश गुप्ता कोषाध्यक्ष, अंजय गुप्ता उपाध्यक्ष, स्मीता गुप्ता अध्यक्ष महिला मण्डल अलका गुप्ता, संगीता गुप्ता, पायल गुप्ता, रेखा गुप्ता, राजीव गुप्ता राजेश गुप्ता मुगलसराय एवं विवेक सोनी रहे तथा कार्यक्रम का अच्छा संचालन संस्था के महामंत्री मयंक सोनी ने किया और अंत मे सभी को स्वरूचि भोज पर आमंत्रित कर राष्ट्रगान करा कर

# लक्ष्मी माता मंदिर स्थापना दिवस पर सैकड़ों महिलाओं को वितरित की गई साड़ियां



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**वाराणसी।** चोलापुर थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव स्थित लक्ष्मी माता मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर मंदिर प्रबंधन की ओर से क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं को साड़ी वितरित की गई। साड़ी पाकर महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया।इस अवसर पर मंदिर परिसर में आए भक्तों के लिए अल्पाहार की भी व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने माता लक्ष्मी का पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि की कामना की।इस मौके पर नित्यानंद चौबे, संतोष चौबे, अशोक चौबे, अरविंद चौबे, बबलू चौबे, उमेश, सुनील सहित तमाम भक्तगण उपस्थित रहे।

# होली मिलन समारोह में खूब उड़े अबीर गुलाल

**संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** अमरा-लाठियां स्थित काशी विश्वनाथ नगर कॉलोनी एवं बैजनाथ धाम नगर कॉलोनीवासियों की होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन हुआ जिसमें उपस्थित लोगों ने डीजे की धुन पर डांस के साथ महिलाओं और बच्चों ने कई खेलों में भाग लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी योगेंद्र नाथ तिवारी विशिष्ट अतिथि समाजसेवी डॉ गणेश मिश्रा रहे। कार्यक्रम की शुरूआत कालोनीवासियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी फिर फगुआ गीत, नृत्य से होली मिलन समारोह को और खूबसूरत बना दिया।

कार्यक्रम के संयोजक विवेक सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से लोगो में प्रेम सौहार्द के साथ आत्मविश्वास और रचनात्मकता का बढ़ावा मिलता हैं।

अतिथियों का स्वागत अमित पाठक व डॉ आलोक तिवारी किया।कार्यक्रम का संचालन सीमा सिंह अंत में धन्यवाद ज्ञापन अमृता पाठक ने किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से राजेश सिंह, डिंपल, जया मिश्रा, गणेश मिश्रा, यू.एल. करण, अनिल तिवारी, मोनी, अंजू, डॉ आलोक तिवारी, संजय सिंह, सुनीता, ब्रह्मानंद, विजय शेखर उपाध्याय, अनिता, कृष्ण कुमार तिवारी, आस्था, अजय सिंह, प्रियंका, अश्वनी सिंह, प्रभाकर सिंह, रिंकी, रवि कुमार पाण्डेय, अभिभावक एवं अन्य गणमान्य लोग लोग उपस्थित थे।

## अन्य कर्मचारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में

एंटी करप्शन टीम की इस कार्रवाई के बाद विद्युत विभाग के अन्य कर्मचारियों में भी हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस और एंटी करप्शन टीम यह जांच करने में जुटी है कि आखिर संविदा कर्मचारी किसकी शह पर उपभोक्ता से 10 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था।प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कोई भी सरकारी कर्मचारी रिश्वत लेकर काम नहीं करेगा। इसके बावजूद भी सरकारी महकमे में भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे है ताजा उदाहरण संविदा कर्मचारियों की गिरफ्तारी है।

## धुएं व धूल से अस्थमा के रोगी भारी परेशान

बुगरासी। इस बदलते मौसम में आम आदमी से अधिक अस्थमा के मरीजों को भारी परेशानी हो रही है। धूएं व धूल के कारण सीने में दर्द की शिकायत व जकडन हो रही है। ऐसे मरीजों को डाक्टरों को डोज बढानी पड रही है। इसके साथ साथ ठंडी चीज खाने वालों के गले में खराश, जुकाम, खासी के मरीजों की संख्या बढ रही है। बुगरासी के सरकारी अस्पताल में कार्यरत महिला डाक्टर पूजा शर्मा ने बताया कि सोमवार को ओपीडी में 73 मरीज आये जिनमें खांसी–जुकाम व बुखार के मरीज रहे।बदलते मौसम के चलते ओपीडी में मरीजों की संख्या रोजाना बढ रही है। मौसम में तेजी से हो रहे बदलाव के चलते लोग अधिक बीमार हो रहे हैं।सांस के मरीजों में अधिकतर जकडन की शिकायत मिल रही है। महिला डाक्टर पूजा शर्मा ने बताया कि मरीजों के इन बातों का खास ध्यान रखना चाहिए।धूल धुआं व प्रदूषित क्षेत्र में जाने से पहले मास्क लगाकर जायें। बच्चों को ठंडी चीज न खाने दें।

# इनरव्हील क्लब ऑफ वाराणसी वैदेही का शानदार आगाज, डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन प्रिया नारायण का हुआ आगमन

**संतोष कुमार सिंह**







**वाराणसी।** होली के उल्लासमय वातावरण और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में इनरव्हील क्लब (क्हउ) वाराणसी ह्यवैदेहीह्न का आधिकारिक चेयरमैन विजिट कार्यक्रम सोमवार को लंका स्थित एक होटल में अत्यंत उत्साह और गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्लब की सदस्याओं की उपस्थिति रही इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष वीणा मिश्रा ने कहा कि माँ जानकी के नाम पर आधारित इस नए महिला क्लब के लिए यह अत्यंत सौभाग्य का विषय है कि डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन प्रिया नारायण ने पहली बार क्लब में पधारकर अपना आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने क्लब की पूरी टीम को समाज सेवा के कार्यों में निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन देने का भरोसा भी दिलाया।

सामाजिक सेवा कार्यों का शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन प्रिया नारायण के कर कमलों द्वारा क्लब के कई सेवा प्रोजेक्ट्स का शुभारंभ किया गया। इसके अंतर्गत एक संस्था को सिलाई मशीन का दान दिया गया वहीं जरूरतमंद एवं गरीब बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए स्टेशनरी एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया।

इसके साथ ही कचरा व सामान बीनकर जीवनयापन करने वाली महिलाओं को पुराने अखबार एवं साड़ियां वितरित कर सहायता प्रदान की गई। कार्यक्रम की झलकियां कार्यक्रम का संचालन क्लब एडिटर दीपा सिंह और नेहा ने कुशलतापूर्वक किया इस दौरान मधुलिका सिंह द्वारा संस्था को सिलाई मशीन भेंट की गई। क्लब की अध्यक्ष वाणी भारद्वाज एवं सचिव वंदना झा ने पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर उसके सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। होली के रंगों से सराबोर इस आयोजन को और भी खुशनुमा बनाने के लिए अनीता राय ने विशेष तैयारी की थी वहीं दीपा सिंह और नेहा झा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आधारित प्रेरणादायक कविताओं के माध्यम से उपस्थित महिलाओं में उत्साह और जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर क्लब की सदस्य जूही, पूजा, इंदु, किरण, प्रतिमा और सुधा सहित कई सदस्याएं उपस्थित रहीं साथ ही अन्य क्लबों से रेखा मेहरा, सोनिया, सुनीता, विनीता और खुशबू सहित अनेक गणमान्य सदस्य भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# आलू की फसल ले किसानों को किया बर्बाद: नहीं बिकने के कारण किसान रो रहा सिर पड़कर

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**बुलंदशहर।** शिकारपुर तहसील क्षेत्र पहासू इलाके में विभिन्न गांवों में जहां पर 90% खेती में आलू किया जाता है जहां पर आलू की खेती करने वाले किसान इस बार सिर पड़कर रो रहा है आलू खरीदने के लिए व्यापारी नहीं आने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें दिखाई दे रही हैं किसान अपनी किस्मत पर रोए या भगवान की मार पर किसान चारों तरफ से बर्बाद हो गया किसानों का कहना है कि इस बार 8000 से लेकर10000 बीघा लगान की खेती लेकर आलू बोए थे और 15000 हजार रुपए बीघा की लगभग आलू में लागत आ रही है लेकिन इसके बावजूद भी किसान का आलू नहीं बिक रहा है किसानों का कहना है सरकार किसान की आमदनी दुगनी करने की बात कर रही थी लेकिन आमदनी दुगनी तो नहीं हुई लेकिन दुगना घाटा जरूर किसानों को भरपूर होता जा रहा है पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार पैदावार में भी आलू की बहुत कम निकल रही है पिछले वर्ष की अपेक्षा लेकिन इस बार व्यापारी नहीं आने से किसान और ज्यादा परेशान हैं अगर इस वक्त की बात करें तो किसान का आलू मात्र 8000 रुपये बीघा से लेकर 9000 रुपये बीघा तक पैदावार दे रहा है क्योंकि व्यापारी बाजार में आलू को सिर्फ 7 रुपये किलो के हिसाब से खरीद रहा है और किसान अगर आलू को 7 रुपये किलो में बेचता है तो उसको को आलू की खेती में इस बार 7000 बीघा का लगभग घाटा आ रहा है किसानों का कहना है जब तक सरकार आलू का लदान बाहर के लिए नहीं खोलेगी तब तक किसान यूं ही बर्बाद होता रहेगा लेकिन सबसे ज्यादा चिंता किसान को इस बात की सता रही है की आलू अगर नहीं बिका तो आलू के खेत को कैसे खाली करेंगे मजदूर वर्ग के लोगों का भी कहना है कि हम लोगों की मजदूरी किसानों के पीछे ही चलती है अगर किसानों की फसल नहीं बिकेगी तो हमारी मजदूरी किसान कहां से देंगे क्योंकि हम तो गरीब लोग हैं रोज कमाने रोज खाने वाले हैं किसान यह बोल रहा है की फसल को बिकने दो तब आप लोगों के मजदूरी के पैसे दिए जाएंगे इस बार किसानों की पैदावार बहुत कम निकल रही है और कोई व्यापारी नहीं आ रहा है जिससे माल नहीं बिक रहा है तो मजदूरों के पैसे कहां से दें किसानों की रातों की नींद उड़ गई है। किसान चिंता में डूब गया है किसान बहुत परेशान हैं मीडिया टीम ग्राउंड पर पहुंची और आलू के किसानों से बातचीत की और मजदूरों से बातचीत की तो सभी किसान और मजदूर रोते हुए दिखाई दिए किसानों ने सरकार से अपील की है की आलू के दाम एक निश्चित रेट में कर दिए जाएं अगर सरकार किसान के आलू को 12 रुपये से लेकर 14 रुपये किलो के बीच में बिकवाती है तो किसान बराबरी पर छूट सकता है जिससे किसानों को कुछ हद तक बराबरी हो सकती है और अगर किसान का आलू 7रुपये किलो के आसपास बिका तो किसान भुखमरी के कगार पर पहुंच जाएगा जमीन बिकने लगेंगी किसान भूखा मरने लगेगा और किसान आगे की फसल भी नहीं कर पाएगा पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष व्यापारी वर्ग की हर चीज महंगी बिक रही है पिछले साल आलू के खाली कट्टे के दाम मात्र 11रुपये थे लेकिन इस बार व्यापारी ने आलू के कट्टे के दाम 17 रुपये से लेकर 18 रुपए तक कर दिए हैं व्यापारी ने आलू खरीदना बंद कर दिया है मंडियों में आलू बिक नहीं रहा तो आखिर किसान जाए तो कहां जाए इस बार किसान अपने सर को पड़कर रो रहा है कि हे भगवान इस बार कैसे आलू बिकेगा किसानों का यह भी कहना है कि साहूकार से 3% की ब्याज लेकर आलू बोए जाते हैं अगर आलू में पैदावार नहीं हुई और आलू नहीं बिका तो साहूकार के पैसे कैसे वापस होंगे किसानों का यह भी कहना है अगर इसी तरह से चलता रहा तो जमीन भी किसानों को बेकनी पड़ सकती हैं अब देखना यह होगा की सरकार किसानों को लेकर कितनी जागरूक होती है या नहीं या किसान अपनी दुर्दशा के लिए रोता रहेगा या किसान को उसकी फसल के उचित दाम मिलेंगे या नहीं बड़ा सवाल।

# एफसीआई में नौकरी दिलाने के नाम पर 18 लाख की ठगी, दो गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर।** वादी विकास कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी बी-45 बी ब्लॉक रंगपुरी नई दिल्ली ने साइबर थाना पर तहरीर दी कि उसको व उसकी पत्नी मोनिका गौतम को अभियुक्तों द्वारा खुद को एफसीआई में अधिकारी एवं कर्मचारी बताकर एफसीआई में नौकरी दिलाने का झांसा दिया गया तथा एफसीआई का कूटरचित नियुक्ति पत्र देकर उनसे 18 लाख रुपये की ठगी की गयी है। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर साइबर क्राइम थाना बुलंदशहर पर संबंधित धाराओं में पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में एवं पुलिस अधीक्षक अपराध नरेश कुमार के पर्यवेक्षण में सोमवार को साइबर थाना पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर घटना में संलिप्त 02 अभियुक्त प्रिन्स कुमार तोमर पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी ग्राम भौपुर थाना खानपुर दीपक शर्मा पुत्र आनन्द शर्मा निवासी ग्राम रसूलपुर थाना जारचा जनपद गौतमबुद्धनगर को भूड चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया है कि वे अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर खुद को एफसीआई के अधिकारी व कर्मचारी बताकर छात्रों व उनके परिजनों को एफसीआई में नौकरी दिलाने के झांसे में ले लेते है एवं छात्रों व परिजनों को फर्जी नियुक्ति पत्र देकर उनसे भारी मात्रा पैसे ले लेते है। जिसके बाद ये सभी फरार हो जाते है। इस प्रकार अभियुक्तों द्वारा एफसीआई में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने का काम किया जाता है।

# एससी एसटी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन की टीम द्वारा शिखा सिंह को किया सम्मानित





**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर।** रविवार को मौहल्ला भूड़ बुलंदशहर गांधी इंटर कॉलेज स्याना में कार्यरत कर्मचारी प्रेमचंद की बेटी शिखा सिंह के यूपीएससी की परीक्षा पास करने पर एससी एसटी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन बुलंदशहर के जिला अध्यक्ष केहर सिंह महामंत्री सीताराम जिला कोषाध्यक्ष अशोक कुमार जिला संगठन मंत्री शिवकुमार टिंकू सिंह तथा मीडिया प्रभारी ऋषिपाल सिंह प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेद प्रकाश गौतम के साथ उनके आवास पर जाकर हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की और उम्मीद की आप सबसे बड़ी परीक्षा पास कर पूरे देश और अपने समाज की सेवा कर बाबा साहेब के सपनों को साकार करने में सहयोग करें।

# बीआईएस की नीतियों से मिलेगा उपभोक्ता अधिकारों को संरक्षण: नरेश कुमार

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पुलिस लाइन सभागार में महिला पुलिस संवेदीकरण कार्यक्रम

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**बुलंदशहर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन सभागार में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की नोएडा शाखा के अंतर्गत नवदीप सामाजिक विकास संस्था भारत द्वारा वामा सारथी (उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन) के सहयोग से महिला पुलिस संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थानों की महिला उपनिरीक्षक व महिला आरक्षियों को मानकों और गुणवत्ता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अपराध नरेश कुमार ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो की नीतियां उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को विशेष रूप से इन मानकों के प्रति जागरूक होना चाहिए और बाजार में खरीदारी करते समय सतर्कता बरतनी चाहिए। मुख्य वक्ता एवं नवदीप संस्था के परियोजना संयोजक सचिन वर्मा स्वर्णकार ने बताया कि बीआईएस बाजार में वस्तुओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ-साथ उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा भी करता है। उन्होंने दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर लगे आईएसआई मार्क, सोने-चांदी के आभूषणों पर हॉलमार्क तथा इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों पर लगने वाले सीआरएस मार्क की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सोने-चांदी के आभूषण खरीदते समय होने वाली धोखाधड़ी से बचने के लिए एचयूआईडी हॉलमार्किंग के प्रति जागरूक रहने की अपील की और कहा कि उपभोक्ताओं को केवल बीआईएस पंजीकृत ज्वैलर्स से ही हॉलमार्क आभूषण खरीदने चाहिए। साथ ही उन्होंने महिलाओं को बीआईएस केयर एप के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह एप उत्पादों पर लगे गुणवत्ता चिन्ह की सत्यता जांचने में मदद करता है। कार्यक्रम के दौरान महिला थानाध्यक्ष स्वाति बालियान, उपनिरीक्षक योजना चौधरी, मोना अग्रवाल तथा आरक्षी रीना नागर को सशक्त महिला के रूप में पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं आयोजन में सहयोग के लिए उपनिरीक्षक राकेश शर्मा और संजीव बालियान को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर नवदीप संस्था की कार्यक्रम संयोजक मिलिंद रानी, जिला परियोजना प्रबंधक अशोक राघव, महिला आरक्षी मोनिका ज्योति, अमिता गौतम, मीरा कमल, सीमा यादव, सुशीला देवी, बेबी कुमारी, प्रीति कुमारी सहित जिले के विभिन्न थानों की महिला पुलिसकर्मी उपस्थित रहीं।

# बेटी शिखा सिंह ने UPSC 2025 में हासिल की AIR-113



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जनपद की रहने वाली शिखा सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की सिविल सेवा परीक्षा 2025 में ऑल इंडिया रैंक 113 प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि से पूरे जनपद में खुशी और गर्व का माहौल है। परिजनों, मित्रों और क्षेत्र के लोगों ने शिखा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

शिखा सिंह की इस सफलता पर समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। राजीव कुमार शर्मा एवं दीपा शर्मा ने भी शिखा सिंह को उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शिखा की मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। राजीव कुमार शर्मा एवं दीपा शर्मा ने कहा कि बुलंदशहर की बेटियां आज हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं और शिखा सिंह की यह सफलता पूरे जिले के लिए गर्व की बात है।

उनकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी।

## 13 मार्च को बुलंदशहर आएंगी राज्य महिला आयोग की सदस्य मनीषा अहलावत

**बुलंदशहर(वेलकम इंडिया)।** सदस्य सचिव उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के पत्र संख्या 4381 दिनांक 24 फरवरी 2026 के अनुसार राज्य महिला आयोग की सदस्य मनीषा अहलावत 13 मार्च 2026 को जनपद बुलंदशहर के भ्रमण पर आएंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार माननीय सदस्य पूर्वाह्न 10 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, बुलंदशहर में महिला जनसुनवाई करेंगी। जनसुनवाई के दौरान जनपद की महिलाएं अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को सीधे राज्य महिला आयोग की सदस्य के समक्ष रख सकेंगी। जिला प्रशासन की ओर से अपील की गई है कि जिन महिलाओं को घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद, दहेज या अन्य महिला संबंधी समस्याओं को लेकर शिकायत करनी है, वे 13 मार्च को सुबह 10 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, बुलंदशहर पहुंचकर अपनी समस्या से अवगत कराते हुए निस्तारण के लिए आवेदन दे सकती हैं।

## ओबीसी छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास निर्माण के प्रस्ताव मांगे

**बुलंदशहर(वेलकम इंडिया)।** अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्र-छात्राओं को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए छात्रावास निर्माण के प्रस्ताव मांगे गए हैं। इस संबंध में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, बुलंदशहर द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र जारी किया गया है। जारी पत्र में बताया गया है कि निदेशालय पिछड़ा वर्ग कल्याण, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र के क्रम में केंद्र प्रायोजित योजना के तहत जनपद के राजकीय शिक्षण संस्थानों में छात्रावास निर्माण के प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस योजना के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज और इंजीनियरिंग कॉलेज को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही पॉलिटेक्निक, आईटीआई और महाविद्यालयों से भी छात्रावास निर्माण के लिए प्रस्ताव मांगे गए हैं। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की वेबसाइट पर जारी अद्यतन निर्देशों के अनुरूप सभी आवश्यक अभिलेखों सहित निर्धारित प्रारूप में पूर्ण प्रस्ताव उपलब्ध कराए जाएं।

## थाना अनूपशहर पुलिस द्वारा 03 शातिर अभियुक्तों को किया गया जिलाबदर

**बुलंदशहर(वेलकम इंडिया)।** थाना अनूपशहर पुलिस द्वारा अभियुक्तगण 1.जीता उर्फ जीत सिंह पुत्र ब्रहम सिंह व 2.अशोक पुत्र ब्रहम सिंह निवासीगण ग्राम जिनाई थाना अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर 3. गौरव पुत्र प्रेमपाल सिंह निवासी ग्राम अनिवास थाना अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर के विरूद्ध गुंडाएक्ट की कार्यवाही की गयी थी। जिनको जिलाधिकारी जनपद बुलन्दशहर द्वारा जिलाबदर घोषित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में दिनांक 08 मार्च को थाना अनूपशहर पुलिस द्वारा जिलाबदर अपराधियों के विरूद्ध उनके निवास के स्थान पर मुनादी कराते हुए 06 माह के लिए जनपद की सीमा से बाहर किया गया हैं। जिला बदर अपराधी गौरव उपरोक्त के विरूद्ध थाना अनूपशहर पर पूर्व से मारपीट, बलवा एवं छेड़छाड़ आदि के कुल 05 अभियोग एवं अभियुक्त अशोक व जीता उर्फ जीत सिंह उपरोक्त के विरुद्ध हत्या, मारपीट व छेड़छाड़ आदि के कुल 05 अभियोग पंजीकृत हैं।

# जनगणना 2027 के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत जिला एवं चार्ज स्तरीय अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। प्रशिक्षण में सभी जिला स्तरीय अधिकारी तथा ग्रामीण व नगर चार्ज अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस मुख्य विकास अधिकारी निशा ग्रेवाल ने उपस्थित अधिकारियों को जनगणना प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी और इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। वहीं जिला जनगणना अधिकारी/एडीएम अभिषेक कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना से संबंधित जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा इसकी गोपनीयता और सटीकता बनाए रखी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी। पहले चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक किया जाएगा। इससे पहले 7 मई से 21 मई 2026 तक आम नागरिक स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। दूसरा चरण 9 फरवरी 2027 से 28 फरवरी 2027 तक संचालित किया जाएगा। जनगणना कार्य निदेशालय की प्रतिनिधि स्वाति गोयल ने प्रशिक्षण के दौरान जनगणना के विभिन्न सत्रों पर विस्तार से जानकारी दी और सीएमएमएस पोर्टल, एचएलबी गठन सहित अन्य प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया। राज्य स्तर पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर डॉ. ललित यादव (प्रवक्ता, डायट), उमेश कुमार (व्याख्याता, इलेक्ट्रॉनिक्स) तथा सुरेंद्र सिंह (अनुदेशक, आईटीआई) ने भी प्रशिक्षण सत्रों में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इस अवसर पर समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, खंड शिक्षा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डीपीआरओ, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सालाबाद में वैदिक मंत्रों से दो दिवसीय चतुर्वेद शतकम् महायज्ञ का हुआ भव्य आयोजन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**बुलंदशहर(छतारी)।** थाना क्षेत्र के गांव सालाबाद में वैदिक मंत्रों के साथ दो दिवसीय चतुर्वेद शतकम् महायज्ञ का भव्य आयोजन हुआ शुभारंभ। इस धार्मिक आयोजन में गांव तथा आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आहुति दी और गांव व क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। चतुर्वेद शतकम् महायज्ञ का आयोजन महाशय रामवीर सिंह आर्य सालाबाद के आर्य जगत की मूर्धन्य विद्वान एवं आर्य समाज के पुरोधा के पवित्र सांनिध्य में चतुर्वेदी सतकम्-महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसके आयोजक इंजी० बलवीर सिंह तंवर और संयोजक सन्त कुमार आर्य कलौंदा गौतमबुद्ध नगर, व व्यवस्थापक इंजी० मुनेश चौहान कौशाम्बी गाजियाबाद, सत्यपाल सिंह शिशौदिया नगला काशी हापुड़, दिनेश चन्द्र आर्य पूर्व जिला पंचायत सदस्य, सुरेश चन्द्र आर्य कलौंदा गौतमबुद्ध नगर और मुख्य अतिथि आर्य रत्न ठा० विक्रम सिंह, विशिष्ट अतिथि डा० लोकेन्द्र सिंह राघव सेवानिवृत चिकित्सा अधिकारी, विशिष्ट अतिथि कृष्णा देवी (संतोष) पूर्व प्रधान सिखेड़ा पिलखुवा, यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य बृजेश गोवर्धनपुर अलीगढ़, आर्य जगत के ओजस्वी एवं लब्ध प्रतिष्ठित भजनोपदेशक गण नत्थी लाल शर्मा अलीगढ़, शिवपाल सिंह एटा, कुंवरपाल सिंह एटा, भानू प्रताप संगीतज्ञ पारपा हापुड़, सतवीर सिंह आर्य (सोंजनारानी), देवेन्द्र सिंह दिल्ली, गुलशन राघव अलीगढ़ आदि रहें। महायज्ञ के दौरान विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक विधि-विधान से हवन-पूजन कराया गया। पूरे वातावरण में वैदिक मंत्रोच्चार और भक्ति भाव से श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक रहा। यज्ञ को दो दिन पूर्ण होने पर पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया व दोनों ही दिन कीर्तन के साथ भजनों का भी गुणगान किया गया और लोगों को आचार्य द्वारा महाज्ञान का गुणगान किया।

# सेवा भारती का वार्षिकोत्सव उल्लास पूर्वक मनाया, सेवा संस्थाओं को किया सम्मानित

**अनिल वशिष्ठ**




**मोदीनगर।** सेवा भारती गाजियाबाद का वार्षिकोत्सव बहुत ही उल्लास से एस आर एम यूनिवर्सिटी के सभागार में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय ग्रोवर ने की मुख्य अतिथि गुर वीर गांधी ,धन कुमार रुहेला रहे। मंच संचालन जिला महामंत्री आनंद त्यागी ने किया,।

मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य गंगा राम ने कहा कि सेवा भारती का उद्देश्य शिक्षा,स्वास्थ्य,के माध्यम से समाज को स्वावलंबी बना कर अपने पैर पर खड़ा करना ,संस्कार या लालच की वजह से हमारा वंचित पिछड़ा समाज धर्म परिवर्तन के जाल में नहीं फंसे,, हमारी बेटियां संस्कारित हो उनका विकास हो यही उद्देश्य लेकर सेवा भारती कार्य करती है। कार्यक्रम अध्यक्ष अजय ग्रोवर जी ने कहा कि सेवा भारती समाज में जो सेवा कार्य कर रही वो सभी के लिए प्रेरणा का विषय है,उन्होंने कहा कि पंजाबी संगठन,मोदीनगर सेवा भारती के सहयोग के लिए हमेशा तन,मन,धन से तैयार है। जिला अध्यक्ष योगेन्द्र ने एस आर एम प्रशासन को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया व सभी से सेवा भारती के सहयोग करने की अपील की। इस कार्यक्रम में सेवा भारती द्वारा संचालित संस्कार केंद्रों के बच्चों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी। मात्र भूमि सेवा संघ,अमृत सेवा ट्रस्ट, वूमेंस इंपॉवर नारी शक्ति,दशमेश खालसा,हरियाली और खुशहाली,न्यू हॉप फाउंडेशन,रानी लक्ष्मी बाई संस्थान, वृद्धाश्रम स्वामी कल्याण देव घर्मार्थ ट्रस्ट सहित 15 से अधिक सेवा संस्थाओं को सम्मानित किया गया,। अनिल कुमार वर्मा,रोहित शर्मा,राघवेंद्र गुप्ता,वागीश रुहेला,जितेंद्र कुमार,दिनेश प्रजापति, अतुल शर्मा,मुनेंद्र, मुकेश राठौड़,अमित नेहरा,मधुर नेहरा,पवन शर्मा, डाक्टर पवन सिंघल,दिनेश सिंघल,नवीन, कृष्णवीर सिंह, नीरज त्यागी,डाक्टर मंजू शिवाच,सुचेता सिंह सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य बंधु उपस्थित रहे,।

# श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर का रथ यात्रा महोत्सव धूमधाम से मनाया

**अनिल वशिष्ठ**





**मोदीनगर।** दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में 73 वां रथ यात्रा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जैन समुदाय के लोगों ने विभिन्न झांकियों और बैंड-बाजे के साथ नगर में भव्य रथ यात्रा निकाली। इसमें शामिल कलाकारों ने कला व कौशल से सभी को आकर्षित किया। नगर में अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा सुबह तेल मिल क्षेत्र स्थित श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से शुरू हुई और मोदी मंदिर, कोतवाली, बस स्टैंड होते हुए वापस जैन मंदिर पर आकर संपन्न हुई। यात्रा का आयोजन श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सोसायटी और सकल जैन समाज मोदीनगर की ओर से किया गया। मंदिर के अध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता स्वदेश जैन ने बताया कि खव्वासी की बोली 73 हजार रुपये में राजेंद्र जैन, सारथी की बोली 1.11 लाख रुपये में सुशील जैन, कुबेर की बोली सतीश जैन और दो चंवर की बोली गौरव जैन व राजेंद्र जैन की लगी। इस अवसर पर विधायक डॉ. मंजू शिवाच, अजय जैन, संजय जैन, दिनेश जैन, पराग जैन, विपिन जैन, गौरव जैन, सौरभ जैन, नवीन जैन, नीरज जैन आदि मौजूद रहे।

# केशव कुंज कॉलोनी का भूमि पूजन एवं उद्घाटन समारोह आयोजित



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर।** हापुड़ रोड स्थित केशव कुंज कॉलोनी का भूमि पूजन एवं भव्य उद्घाटन समारोह बड़े ही उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंजाबी संगठन मोदीनगर एवं महिला पंजाबी संगठन मोदीनगर को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।

यह कॉलोनी अनिल चौधरी एवं मोहित बलियान द्वारा स्थापित की गई है। कार्यक्रम के दौरान मेरठ के पूर्व विधायक संगीत सोम ने विधिवत फीता काटकर कॉलोनी का उद्घाटन किया।

इसके साथ ही केक काटने का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमें संगीत सोम के साथ डॉ शालिनी नैय्यर अध्यक्षा महिला पंजाबी संगठन मोदीनगर और टीम भी उपस्थित रही और सभी ने मिलकर इस शुभ अवसर को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

# मोहिउद्दीनपुर ओवर ब्रिज पर आवागमन शुरू होने पर कादराबाद रेलवे फाटकों पर अंडरपास का काम शुरू कराये प्रशासनः बाबा परमेन्द्र आर्य

**अनिल वशिष्ठ**




**मोदीनगर।** बाबा परमेन्द्र आर्य के नेतृत्व मे काफी संख्या मे गांव रोरी व आस पास के किसानों ने तहसील मोदीनगर मे पहुंच कर नारेबाजी की व उपजिलाधिकारी को पत्र देकर अवगत कराया कि कादराबाद से गांव रोरी को जाने वाले रास्ते पर रेलवे फाटको पर अंडरपास बनाए जाने की जानकारी रेलवे अधिकारियों से मिली। वे उस पर काम शुरू करनेवाले है। जिससे ग्रामीणो मे रोष है क्योंकि पहले से ही मोहिउद्दीनपुर रेलवे फाटकों पर ओवरब्रिज का काम चल रहा है। जिस कारण वहां जाम लगा रहता है। दूसरा हापुड़ रोड राज चौपले पर रेलवे फाटकों पर ओवरब्रिज का काम चल रहा है। जिस कारण वहां पर भी जाम लगा रहता है। यदि अभी कादराबाद फाटकों पर भी अंडरपास का काम शुरू कर दिया तो आवागमन बंद हो जायेगा। ग्रामीणों ने कहा जब तक मोहिउद्दीनपुर ओवरब्रिज से आवागमन शुरू नही होता है तब तक कादराबाद फाटकों पर अंडरपास बनाने का कार्य नही कराया जाये। उपजिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि जल्दी ही किसानों व रेलवे अधिकारियों की एक मीटिंग रखकर समस्या का समाधान कराया जायेगा। इस दौरान भाकियू नेता पप्पी नेहरा , कुलदीप त्यागी तलहेटा, राम नारायण, मनोज मुकदम, मिनु चौधरी, मनोज कुमार,दीपक कुमार,नितिन शर्मा एडवोकेट,कपिल कुमार,प्रकाश चौधरी,ज्ञानेन्द्र सिंह,राजपाल सिंह,संजू श्योराण आदि उपस्थित रहे।

# उधार चुकाने के बहाने घर बुलाकर युवक को धुना




**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**औरंगाबाद(बुलंदशहर)।** गांव मूढ़ी बकापुर निवासी एक युवक को एक व्यक्ति ने अपने पैसे ले जाने के बहाने बुलाया और साथियों सहित मारपीट कर जख़्मी कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजदों सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। सभी आरोपी फरार होने में कामयाब रहे। गांव मूढ़ी बकापुर निवासी दुष्यंत पुत्र हरेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसे मौहल्ला ढाक कस्बा औरंगाबाद निवासी योगेश पुत्र धर्मवीर सिंह ने फोन कर कहा कि अपने 8800 रुपए आकर ले जाओ। जैसे ही मैं उसके घर पहुंचा तो योगेश और उसके भाई आशु ने दो अन्य अज्ञात लोगों के साथ मिलकर गंदी गंदी गालियां देते हुए लाठी डंडे से मारपीट शुरू कर दी। बुरी तरह जख़्मी करके घर से भगा दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने योगेश पुत्र धर्मवीर और आशु पुत्र धर्मवीर सिंह निवासी मौहल्ला ढाक कस्बा औरंगाबाद व दो अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सभी आरोपी फरार होने में कामयाब रहे।

# किसानों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, जमीन बचाने के लिए आर-पार की लड़ाई का ऐलान

**कपिल चौहान**



**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसानों ने जिलाधिकारी गाजियाबाद श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ को ज्ञापन सौंपकर अपनी वर्षों पुरानी जमीन संबंधी समस्या से अवगत कराया और न्याय की मांग की। किसानों ने बताया कि आवास विकास परिषद की अजंतपुरम योजना के अंतर्गत पाँच गाँव झ सिकंदरपुर, भोपुरा, निस्तौली, भेंटा और पसौंडा की कृषि भूमि को धारा 28 की अधिसूचना के माध्यम से जुलाई 1997 में अधिग्रहित करने की प्रक्रिया शुरू की गई थी, जिसका गजट वर्ष 2005 में प्रकाशित किया गया। इसके बाद वर्ष 2008 में उपजिलाधिकारी (भू-अर्जन) द्वारा किसानों की सहमति के बिना ही जमीन आवास विकास परिषद के नाम दर्ज कर दी गई, जिसका उस समय किसानों ने जोरदार विरोध किया था। किसानों का आरोप है कि 30 दिसंबर 2013 को जल्दबाजी में अवार्ड घोषित किया गया, ताकि 1 जनवरी 2014 से लागू होने वाले नए भूमि अधिग्रहण कानून के तहत किसानों को मिलने वाले अधिक मुआवजे और अधिकारों से वंचित किया जा सके। किसानों ने इसे उनके साथ किया गया बड़ा अन्याय बताया। किसानों ने यह भी बताया कि आज भी सभी किसान अपनी जमीन पर काबिज हैं और खेती कर रहे हैं। इसी स्थिति को देखते हुए वर्ष 2018 में तत्कालीन मंडलायुक्त द्वारा किसानों के साथ कई दौर की बैठकें की गई थीं, जिनमें किसानों को 25 प्रतिशत विकसित भूमि (लैंड पूलिंग) देने पर सहमति बनी थी। इस नीति को आवास विकास परिषद ने समाचार पत्रों में प्रकाशित भी किया था और कई किसानों से इसके लिए फार्म भी भरवाए गए थे।

लेकिन किसानों का आरोप है कि आवास विकास परिषद ने एक बार फिर किसानों को गुमराह किया और आज तक उस समझौते को लागू नहीं किया गया। जिलाधिकारी से मुलाकात के दौरान किसानों की बात सुनकर उन्होंने आवास विकास परिषद के सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर अजय मित्तल से वार्ता कर किसानों की समस्या के समाधान के निर्देश दिए। इसके बाद किसानों को वसुंधरा स्थित आवास विकास कार्यालय में बुलाया गया, जहां अधिकारियों के साथ वार्ता हुई, लेकिन वहां भी किसानों को कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। किसानों ने साफ शब्दों में कहा कि वर्ष 2018 में जो वादे किसानों से किए गए थे, उनसे अब अधिकारी पीछे हटते नजर आ रहे हैं। किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि 1600 प्रति मीटर का मुआवजा उन्हें किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं है।

# खलीलाबाद क्षेत्र पंचायत की बैठक में विकास का खाका तैयार, 4 करोड़ की योजनाओं को मिली मंजूरी

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**संतकबीरनगर।** जनपद के खलीलाबाद विकासखंड सभागार में सोमवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों (इऊ) की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। ब्लॉक प्रमुख प्रमिला देवी के नेतृत्व और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नित्यानंद की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में ग्रामीण विकास को नई गति देने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक अंकुर राज तिवारी मौजूद रहे बैठक को संबोधित करते हुए सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाना है।

उन्होंने क्षेत्र पंचायत सदस्यों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएं ताकि गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित हो सके। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नित्यानंद ने बैठक के दौरान आगामी कार्ययोजनाओं की जानकारी साझा की।

# जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने सुनी जनता दर्शन में जन समस्याए

**कपिल चौहान**



**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की गयी। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, जीडीए, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिकारियों को शासन के मंशा अनुरूप त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के आदेश दिये। इसी क्रम में मुख्यमंत्री महोदय के निदेर्शानुसार ह्लजनता दर्शनह्व / जनसुनवाई की सीधे सीएम ऑफिस उत्तर प्रदेश से लाइव कनेक्टिविटी के माध्यम से मॉनिटरिंग की जा रही है। जिलाधिकारी महोदय ने जनमानस की सुविधा हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया हुआ है कि सभी कार्य दिवस में सुबह 10 से 12 बजे जन शिकायतें सुनेंगे और उनके साथ जूम पर लाइव रहेंगे।

जनता दर्शन के दौरान प्राप्त शिकायतों का जिलाधिकारी महोदय ने जूम के माध्यम से सम्बंधित अधिकारियों से वार्ता कराकर, अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होने निर्देशित किया कि असहाय और पीड़ितों की सहायता की जाएं। जनता दर्शन के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय, एडीएम एल/ए श्री अवनीश, एडीएम ई ज्योति मौर्या सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।।

# भूडगढ़ी-डासना में 12,000 वर्गमीटर की अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर, प्राधिकरण की बड़ी कार्रवाई से मचा हड़कंप

**कपिल चौहान**





**गाजियाबाद।** विकास प्राधिकरण ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए भूडगढ़ी-डासना क्षेत्र में लगभग 12,000 वर्गमीटर में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चला दिया। इस कार्रवाई से अवैध प्लॉटिंग करने वालों में हड़कंप मच गया।

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-5 की टीम ने रविवार को योजनाबद्ध तरीके से अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान खसरा संख्या 2575 व 2657, ग्राम भूडगढ़ी रोड डासना में लगभग 6000 वर्गमीटर भूमि पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया। यहां वादी किशन त्यागी, नौशाद अली और महाराज आदि द्वारा कच्ची सड़कें बनाकर और चिनाई कर प्लॉट काटे जा रहे थे।

इसी तरह गंगा पेपर मिल के पीछे भूडगढ़ी-डासना क्षेत्र में भी लगभग 6000 वर्गमीटर जमीन पर विकसित हो रही दूसरी अवैध कॉलोनी पर भी प्राधिकरण ने बुलडोजर चलाया। इस मामले में हाजी यूसुफ इमरान, फैजल आदि द्वारा प्लॉटिंग किए जाने की शिकायत दर्ज थी। प्राधिकरण की टीम ने मौके पर पहुंचकर कॉलोनाइजर द्वारा बनाई गई सड़कें, बाउंड्रीवाल, साइट ऑफिस और अन्य अवैध निमार्णों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। ध्वस्तीकरण के दौरान कॉलोनाइजर और निर्माणकताओं ने भारी विरोध भी किया, लेकिन पुलिस बल और प्रवर्तन दस्ते की मौजूदगी में कार्रवाई लगातार जारी रही और पूरा अवैध निर्माण जमींदोज कर दिया गया। इस अभियान के दौरान सहायक अभियंता, अवर अभियंता, प्रवर्तन जोन-5 का स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल और प्रवर्तन दस्ता मौके पर मौजूद रहा और कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया।

प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि गाजियाबाद में अवैध कॉलोनियों और अवैध निर्माण के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। बिना स्वीकृति के कॉलोनी काटने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि शहर का विकास नियोजित तरीके से हो सके।

# आधुनिक और हरित शहर की ओर बढ़ता गाजियाबाद, सड़क अवसंरचना, हिंडन नदी तटबंध और थीम आधारित पार्कों से शहर की तस्वीर बदलेगी

## हरनंदीपुरम आवासीय योजना, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और एरोसिटी टाउनशिप से मिलेगा नया आयाम

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा शहर के समग्र और नियोजित विकास को गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण और दूरगामी परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल के नेतृत्व में शहर को आधुनिक, सुव्यवस्थित और हरित स्वरूप देने के उद्देश्य से आवासीय योजनाओं, सड़क अवसंरचना, खेल सुविधाओं, पर्यावरण संरक्षण और निवेश को बढ़ावा देने वाली परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। इन परियोजनाओं के माध्यम से गाजियाबाद को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के एक आधुनिक और आकर्षक शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित की जा रही हरनंदीपुरम आवासीय योजना शहर की सबसे प्रमुख परियोजनाओं में से एक है। इस योजना का उद्देश्य गाजियाबाद और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के नागरिकों को आधुनिक और सुनियोजित आवासीय विकल्प उपलब्ध कराना है। मई 2025 में प्राधिकरण की 169वीं बोर्ड बैठक में इस योजना को स्वीकृति प्रदान की गई थी। योजना के प्रथम चरण में किसानों की सहमति से लगभग 76 हेक्टेयर भूमि का क्रय किया जा चुका है, जबकि लगभग 128 हेक्टेयर भूमि के लिए सहमति प्राप्त हो चुकी है और क्रय प्रक्रिया जारी है। योजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए परामर्शदाता का चयन किया जा चुका है और प्राधिकरण के सुझावों के आधार पर संशोधित प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी योजना का कुल प्रस्तावित बजट लगभग 2,384 करोड़ रुपये है। मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के अंतर्गत प्राधिकरण को 400 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त हो चुकी है, जिससे योजना के प्रारंभिक विकास कार्यों को गति दी जा रही है। शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में सड़क अवसंरचना के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस क्षेत्र में कई प्रमुख जोनल सड़कों का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। विभिन्न चौड़ीकरण और संपर्क मार्गों के निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि आसपास के क्षेत्रों का विकास भी तेजी से होगा। इसके अतिरिक्त आउटर रिंग रोड से जुड़ने वाले मार्गों के समग्र विकास के लिए विस्तृत प्राक्कलन



तैयार किया जा रहा है, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था को दीर्घकालिक समाधान मिल सके। गाजियाबाद को खेलों के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से राजनगर एक्सटेंशन में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप क्रिकेट स्टेडियम विकसित करने का निर्णय लिया गया है। ग्राम मोरटी और अटौर में लगभग 31 एकड़ क्षेत्र में बनने वाले इस स्टेडियम में लगभग 55 हजार दर्शकों के बैठने की व्यवस्था होगी। इसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर की पिच, दर्शक दीघाएँ, कॉर्पोरेट बॉक्स, मीडिया सेंटर और आधुनिक खेल सुविधाएँ विकसित की जाएंगी। इस परियोजना को उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन और गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सहयोग से विकसित किया जाएगा और इसकी अनुमानित लागत लगभग 450 करोड़ रुपये होगी। प्रस्तावित क्रिकेट स्टेडियम के आसपास एरोसिटी थीम पर आधारित एकीकृत आधुनिक टाउनशिप भी विकसित की जाएगी। इस टाउनशिप में उच्च स्तरीय आवासीय परिसर, वाणिज्यिक कॉम्प्लेक्स, होटल और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र, रिटेल और शॉपिंग जोन, खेल अकादमी, संस्थागत क्षेत्र, मल्टीलेवल पार्किंग और स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन जैसी आधुनिक सुविधाएँ विकसित की जाएंगी। यह परियोजना निवेश को आकर्षित करने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न करेगी। पर्यावरण संरक्षण और बाढ़ नियंत्रण के दृष्टिकोण से हिंडन नदी तटबंध परियोजना को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस परियोजना के तहत नदी तटों का संरक्षण, बाढ़ नियंत्रण, तटीय क्षेत्रों में जलभराव से राहत और नदी किनारे संपर्क मार्ग का विकास किया जाएगा। भविष्य में नदी किनारे रिवरफ्रंट आधारित सार्वजनिक गतिविधियों और हरित विकास की संभावनाओं को भी विकसित किया जाएगा।

शहर को हरित और सुंदर बनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में थीम आधारित पार्कों का विकास भी किया जा रहा है। कोयल एन्क्लेव में रामायण थीम पार्क, इंदिरापुरम में संस्कृति दर्शन पार्क, मधुबन बापूधाम में विकसित भारत पार्क और राजेंद्र नगर में डॉ. राम मनोहर लोहिया पार्क जैसे कई महत्वपूर्ण पार्क विकसित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त लगभग 143 एकड़ क्षेत्र में विकसित सिटी फॉरेस्ट पार्क का लगभग 55 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास प्रस्तावित है। इसमें एडवेंचर जोन, वॉटर एक्टिविटी, जंगल स्टे, डायनासोर पार्क, फिशिंग जोन, हॉर्स राइडिंग, मेडिटेशन जोन और वॉटरफॉल जैसी सुविधाएँ विकसित की जाएंगी। शहर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रमुख गोल चक्करों और चौराहों का ग्रीनलैंड थीम पर सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही कई चौराहों को सिग्नल फ्री बनाने और प्रमुख मार्गों को मॉडल रोड के रूप में विकसित करने की योजना पर भी कार्य किया जा रहा है। प्राधिकरण क्षेत्र में कई नई परियोजनाओं के लिए निविदा प्रक्रिया भी जारी है, जिनमें पार्कों का विकास, भवनों का अनुरक्षण, विद्युत उपकेंद्रों का निर्माण, सड़कों का सुदृढ़ीकरण और सीवर लाइन की सफाई जैसे कार्य शामिल हैं।

# जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने सुनी लोगों की समस्याएं

## सीएम कार्यालय से लाइव मॉनिटरिंग के बीच अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट परिसर में सोमवार को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने आम नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरूप त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनता दर्शन के दौरान राजस्व विभाग, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित कई प्रार्थना पत्र और शिकायतें प्राप्त हुईं।



जिलाधिकारी ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जनता दर्शन और जनसुनवाई की प्रक्रिया की सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय उत्तर प्रदेश से लाइव कनेक्टिविटी के माध्यम से निगरानी की जा रही है। इस व्यवस्था का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनता की समस्याओं का समाधान पारदर्शी और प्रभावी तरीके से किया जा सके।

उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को पहले ही निर्देशित किया है कि सभी कार्य दिवसों में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक आम जनता की शिकायतें सुनना अनिवार्य होगा। इस दौरान अधिकारी जूम प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी लाइव जुड़े रहेंगे, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल समन्वय स्थापित कर समस्याओं का समाधान किया जा सके।

जनता दर्शन के दौरान प्राप्त शिकायतों पर जिलाधिकारी ने जूम के माध्यम से संबंधित अधिकारियों से सीधे बातचीत कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि असहाय, गरीब और पीड़ित लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि उनका प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके। जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (भूमि अधिग्रहण) अवनीश, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्योति मौर्या सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मौके पर ही कई शिकायतों पर कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए और संबंधित विभागों को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। जनता दर्शन जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को सीधे प्रशासन से संवाद का अवसर मिलता है, जिससे उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो पाता है। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे जनहित से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेते हुए पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा में जिलाधिकारी सख्त, विकास कार्यों में लापरवाही पर चेतावनी

## खराब रैंकिंग वाले विभागों को लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका से संबंधित विकास कार्यों की मासिक प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास और जनहित योजनाओं की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विकास और जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान कुछ विभागीय अधिकारियों की अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने



नाराजगी व्यक्त की और उनके खिलाफ स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न होने की सख्त चेतावनी भी दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी तय है और इसमें किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर बी, सी और डी श्रेणी में आने वाले विभागों की कार्यप्रणाली पर विशेष चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने खराब रैंकिंग वाले विभागों से स्पष्टीकरण मांगते हुए उन्हें निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करते हुए योजनाओं को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से लागू करना होगा।

# कौशांबी सेंट्रल पार्क में बड़ी स्क्रीन पर देखा गया वर्ल्ड कप फाइनल, जीत पर जश्न

## सैकड़ों लोगों ने एक साथ देखा मैच, मिठाई बांटकर मनाई जीत की खुशी

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कौशांबी स्थित सेंट्रल पार्क में रविवार को वर्ल्ड कप फाइनल मैच को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल और पप्पू चौपाल के सहयोग से पार्क में बड़ी स्क्रीन लगाकर मैच देखने का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लेकर मैच का रोमांचक आनंद उठाया। कौशांबी क्षेत्र में पहली बार इस तरह का सामूहिक आयोजन किया गया, जिसकी लोगों ने जमकर सराहना की। मैच शुरू होने से पहले ही सेंट्रल पार्क में लोगों की भीड़ जुटने लगी थी। परिवारों, युवाओं और बच्चों ने एक साथ बैठकर बड़े पर्दे पर मैच का लुत्फ उठाया। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ता गया, वैसे-वैसे दर्शकों का उत्साह भी बढ़ता गया। हर चौके-छक्के और महत्वपूर्ण पल पर लोगों ने तालियों और नारों के साथ



खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कौशांबी थाना प्रभारी अजय कुमार शर्मा और चौकी इंचार्ज जयवर्धन भी कार्यक्रम में पहुंचे। क्षेत्रवासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और आयोजन में उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। पुलिस अधिकारियों ने भी इस तरह के सकारात्मक सामुदायिक आयोजनों की सराहना की और लोगों के साथ कुछ समय मैच का आनंद लिया। जैसे ही टीम ने जीत हासिल की, पूरे पार्क में खुशी का माहौल बन गया। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी मनाई और पटाखे छोड़कर जश्न मनाया। बच्चों और युवाओं ने देशभक्ति के नारे लगाए और खिलाड़ियों की शानदार जीत का उत्सव मनाया। आयोजकों का कहना था कि इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को एक साथ लाकर खेल के प्रति उत्साह और आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना था। उन्होंने बताया कि कौशांबी में इस तरह का आयोजन पहली बार किया गया है और लोगों की भारी भागीदारी से यह कार्यक्रम बेहद सफल रहा।

# मंदिर समिति की सदस्यता में पारदर्शिता की मांग, फॉर्च्यून रेजिडेंसी के निवासियों ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

## शिव दुर्गा मंदिर समिति पर सीमित लोगों को सदस्य बनाने का आरोप

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शहर की फॉर्च्यून रेजिडेंसी सोसाइटी में स्थित शिव दुर्गा मंदिर की समिति को लेकर विवाद सामने आया है। सोसाइटी के कई निवासियों ने मंदिर समिति की सदस्यता प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग करते हुए सोमवार को प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। निवासियों का कहना है कि मंदिर सोसाइटी के सभी लोगों की आस्था और श्रद्धा का केंद्र है, इसलिए इसकी सदस्यता और चुनाव संबंधी प्रक्रियाएं पूरी तरह पारदर्शी और लोकतांत्रिक होनी चाहिए। निवासियों ने अपने ज्ञापन में बताया कि फॉर्च्यून रेजिडेंसी परिसर में स्थित शिव दुर्गा मंदिर एक सामुदायिक धार्मिक स्थल है, जिसका निर्माण, रख-रखाव और संचालन प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सोसाइटी के निवासियों के सहयोग और योगदान



से होता है। ऐसे में यह अपेक्षित है कि मंदिर के प्रशासन और सदस्यता से जुड़ी सभी प्रक्रियाएं खुली, निष्पक्ष और पारदर्शी हों, ताकि प्रत्येक निवासी को इसमें सहभागिता का समान अवसर मिल सके। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि मंदिर समिति द्वारा सदस्यता प्रक्रिया को पारदर्शी और समावेशी बनाने के बजाय सीमित रखा गया है। जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष केवल कुछ चुनिंदा व्यक्तियों को ही मंदिर समिति का सदस्य बनाया गया, जिनमें अधिकांश वर्तमान समिति के समर्थक बताए जा रहे हैं। कई निवासियों ने सदस्यता के लिए आवेदन करने और प्रक्रिया को खुला रखने का अनुरोध भी किया, लेकिन इसके बावजूद सदस्यता सभी इच्छुक निवासियों के लिए नहीं खोली गई। निवासियों का कहना है कि सदस्यता प्रक्रिया को सीमित रखना पारदर्शिता और समान अवसर के सिद्धांतों के विपरीत है। इससे यह आशंका भी पैदा होती है कि समिति के कुछ पदाधिकारी अपने पद और अधिकारों का उपयोग सीमित समूह के हित में कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में भविष्य में होने वाले किसी भी चुनाव की निष्पक्षता, वैधता और विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्न खड़े हो सकते हैं। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि किसी भी सामुदायिक धार्मिक स्थल के संचालन में बंद और पक्षपातपूर्ण सदस्यता व्यवस्था प्राकृतिक न्याय, लोकतांत्रिक मूल्यों और सार्वजनिक हित के सिद्धांतों के अनुरूप नहीं मानी जाती। इसलिए मंदिर समिति को इस विषय पर गंभीरता से विचार करते हुए पारदर्शी व्यवस्था लागू करनी चाहिए। निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि शिव दुर्गा मंदिर समिति की सदस्यता प्रक्रिया को फॉर्च्यून रेजिडेंसी के सभी इच्छुक निवासियों के लिए खुला और पारदर्शी बनाया जाए। साथ ही सदस्यता के लिए स्पष्ट नियम, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और समयसीमा लिखित रूप में सार्वजनिक की जाए, ताकि सभी लोगों को समान अवसर मिल सके। इसके अतिरिक्त वर्तमान मंदिर समिति की पूरी सदस्य सूची भी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने की मांग की गई है। निवासियों ने यह भी कहा है कि जब तक सभी इच्छुक लोगों को सदस्य बनने का अवसर नहीं दिया जाता, तब तक मंदिर समिति के किसी भी प्रस्तावित चुनाव की प्रक्रिया को स्थगित रखा जाए। साथ ही अब तक सीमित और पक्षपातपूर्ण तरीके से बनाई गई सदस्यता की स्वतंत्र जांच कराने और आवश्यकता होने पर ऐसी सदस्यता को निरस्त करने की भी मांग की गई है। ज्ञापन की प्रतिलिपि उप-पंजीयक सोसाइटी एवं सहकारी समितियां, गाजियाबाद तथा जिलाधिकारी गाजियाबाद को भी भेजी गई है, ताकि मामले का संज्ञान लेकर आवश्यक जांच और प्रशासनिक हस्तक्षेप किया जा सके।

# सीए बनने की राह में रक्षित दुबे की बड़ी उपलब्धि, पहले प्रयास में फाउंडेशन परीक्षा पास

## बचपन से पढ़ाई के प्रति गंभीर और अनुशासित रहे रक्षित, ढ़ाई के साथ फुटबॉल और बैडमिंटन में भी रखते हैं रुचि

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विकासपुरी निवासी रक्षित दुबे ने चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने की दिशा में पहला बड़ा कदम सफलतापूर्वक पार कर लिया है। रक्षित ने पहले ही प्रयास में सीए फाउंडेशन परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, मित्रों और क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। अब रक्षित अपने अगले लक्ष्य सीए इंटरमीडिएट परीक्षा की तैयारी में जुट गए हैं और उनका सपना एक सफल चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना है। रक्षित दुबे बचपन से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और अनुशासित रहे हैं। उन्होंने अपनी पढ़ाई के साथ-साथ समय का सही उपयोग करते हुए सीए फाउंडेशन परीक्षा की तैयारी की। नियमित अध्ययन, सही मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास के कारण उन्होंने पहली ही कोशिश में यह महत्वपूर्ण परीक्षा पास कर ली। रक्षित का मानना है कि किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए निरंतर मेहनत, धैर्य और आत्मविश्वास बहुत जरूरी होता है।



उन्होंने बताया कि उन्होंने पढ़ाई के दौरान समय का पूरा प्रबंधन किया और कठिन विषयों पर विशेष ध्यान दिया, जिससे उन्हें परीक्षा में सफलता मिली। सीए फाउंडेशन परीक्षा पास करने के बाद अब रक्षित का अगला लक्ष्य सीए इंटरमीडिएट परीक्षा है।

वे पूरी मेहनत और लगन के साथ इसकी तैयारी कर रहे हैं। रक्षित का कहना है कि उनका प्रयास रहेगा कि वे इस परीक्षा में भी पहले ही प्रयास में सफलता प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना उनका बचपन से सपना रहा है और इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए वे लगातार आगे बढ़ रहे हैं।

रक्षित का मानना है कि यदि व्यक्ति अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहे तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। पढ़ाई के साथ-साथ रक्षित दुबे खेलकूद में भी रुचि रखते हैं। खाली समय में उन्हें फुटबॉल और बैडमिंटन खेलना बहुत पसंद है। उनका कहना है कि खेलकूद से मानसिक तनाव कम होता है और शरीर भी स्वस्थ रहता है, जिससे पढ़ाई में बेहतर ध्यान लगाया जा सकता है। रक्षित मानते हैं कि पढ़ाई और खेल दोनों का संतुलन बनाए रखना जरूरी है। यही कारण है कि वे अपने दैनिक कार्यक्रम में थोड़ा समय खेल के लिए भी निकालते हैं। रक्षित दुबे की इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता का विशेष योगदान रहा है। उनके पिता अशोक दुबे और माता सुधा दुबे ने हमेशा उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित किया और हर परिस्थिति में उनका हौसला बढ़ाया।